

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 241

ग्वालियर, रविवार, 24 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### चूल्हा जलाना भी हुआ महंगा 14 साल बाद बढ़ गई माचिस की कीमत

**नई दिल्ली** । पहले से ही महंगाई की मार झेल रही आम जनता के लिए एक और बुरी खबर है। दरअसल, माचिस की डिब्बी के दाम बढ़ने जा रहे हैं। करीब 14 साल बाद माचिस के दाम बढ़े हैं। अगले महीने यानी 1 दिसंबर से माचिस के दाम 1 रुपए बढ़ जाएंगे। इस बढ़ोतरी के बाद माचिस की नई कीमत 2 रुपए होगी। कीमत में बढ़ोतरी का ये फैसला ऑल इंडिया चैंबर ऑफ मैचेस की बैठक में लिया गया। आपको बता दें कि इस बैठक में पांच प्रमुख माचिस उद्योग निकायों के प्रतिनिधि शामिल थे। इन्होंने सर्वसम्मति से माचिस के दाम बढ़ाने का फैसला लिया है। इस बढ़ोतरी की वजह कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि को बताया जा रहा है। आपको बता दें कि माचिस बनाने के लिए मुख्य तौर पर लाल फास्फोरस, मोम, बॉक्स बोर्ड आदि की जरूरत होती है। इन सभी कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी हो गई है। दरअसल, डीजल की कीमत बढ़ने की वजह से ट्रांसपोर्टेशन भी महंगा हुआ है। यही वजह है कि कच्चे माल की कीमतों में इजाफा हुआ है। करीब 14 साल बाद माचिस के दाम बढ़ने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आखिरी बार साल 2007 में माचिस की कीमत में बढ़ोतरी हुई थी। तब माचिस की कीमत में 50 पैसे का बोझ बढ़ा दिया गया था। इसके बाद माचिस की कीमत 1 रुपए थी।

### नबाव के पास ठोस सबूत होगा, तभी समीर वानखेड़े के खिलाफ बयान दे रहे

**ठाणे**। मुंबई ड्रग्स मामले में जांच कर रहे एनसीबी के निदेशक समीर वानखेड़े पिछले कुछ महीनों से काफी सुर्खियों में है।हाल ही में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक ने वानखेड़े पर जमकर आरोप लगाए थे, जिसके बीच उन्हें जान से मारने की धमकी भी मिली है।वहीं इस बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष एवं राज्य के मंत्री जयंत पाटिल ने कहा कि उनकी पार्टी के सहयोगी नवाब मलिक के पास एनसीबी के मुंबई मंडल के निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ कुछ ठोस सबूत होगा, वरना वह अधिकारी के खिलाफ बयान नहीं देते। बात दें कि हाल ही में वानखेड़े ने मुंबई के तट पर जहाज पर छापा मारा था, जिसके बाद नशीले पदार्थ कथित तौर पर बरामद हुए और बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख के बेटे आर्यन को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि नवाब मलिक के दामाद समीर को भी 13 जनवरी 2021 को नशीले पदार्थ रखने के आरोप में एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। उन्हें सितंबर में जमानत मिल गई थी। पाटिल ने कहा कि नवाब मलिक के पास एनसीबी के समीर वानखेड़े के खिलाफ कोई ठोस सबूत होगा, वरना वह उनके खिलाफ बयान नहीं देते। निकट भविष्य में स्थिति साफ होगी।इसके साथ उन्होंने आरोप लगाया कि काले धन, बड़े कर चोरों और बड़े उद्योगपतियों की जांच करने के बजाय प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग अपना राजस्व बढ़ाने के लिए राज्य में नेताओं के पीछे पड़े हैं।

### ब्रिटेन और रूस में फिर कहर बरपा रहा कोरोना संक्रमण

**नई दिल्ली**। दुनिया के कई देशों में एक बार फिर कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेजी देखी जा रही है। ब्रिटेन में 40 हजार जबकि रूस में 30 हजार से अधिक कोरोना केस प्रतिदिन सामने आ रहे हैं। रूस में क्रेमलिन ने 23 अक्टूबर को पिछले 24 घंटे में कोविड से 1075 लोगों के मरने की जानकारी दी है। कोरोना संक्रमण के केस बढ़ने की वजह से अधिकारी मॉस्को सहित देश के सभी ऑफिस बंद करने की तैयारी में लगे हुए हैं। पिछले 24 घंटे में रूस में 37,678 केस आए हैं। ब्रिटेन में पिछले 24 घंटे में 48,728 नए कोविड केस आए हैं। ब्रिटेन में अक्टूबर से लगातार हर दिन 40 हजार से अधिक केस सामने आ रहे हैं। कोविड के खिलाफ दुनिया में सबसे पहले टीका (स्पूतनिक) बनाने वाले रूस ने सिर्फ एक तिहाई लोगों को पूरी तरह से वैक्सीनेट किया है।

### फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नाम हुआ अयोध्या कैंट, भाजपा सांसद के प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड ने दी मंजूरी

**लखनऊ**। फैजाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम अयोध्या कैंट कर दिया है। भाजपा के सांसद लल्लू सिंह के प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। दरअसल शनिवार को वाराणसी पहुंचे लखनऊ के डीआरएम ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फैजाबाद स्टेशन का नाम अयोध्या कैंट होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या, अयोध्या कैंट और रामघाट स्टेशनों को विकसित किया जाएगा। डीआरएम ने बताया कि रेलवे की ओर से अयोध्या के स्टेशनों को कुछ इस तरह विकसित करने की योजना है कि स्टेशन से ही श्रद्धालुओं को अयोध्या के धार्मिक महत्व का एहसास हो सके। आपको बता दें कि वाराणसी के मंडुवाडीह और इससे सटे चंदौली जिले के मुगलसराय स्टेशन का नाम बदला जा चुका है।

## सीएम शिवराज की घोषणा

# 2 मेगावॉट तक का सोलर पैनल लगाने बैंक से मिलेगा लोन

### जरूरत के बाद बची बिजली सरकार खरीद लेगी

### सीएम शिवराज ने सिंगल क्लिक से 77 लाख किसानों के खाते में ट्रांसफर किए 1540 करोड़ रुपये

**भोपाल**। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में प्रदेश के 44 जिलों के 77 लाख किसान परिवार के खातों में किसान सम्मान निधि की 1540 राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से भेजी। मिंटो हॉल भोपाल में दोपहर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली का संकट पूरी दुनिया में है। कोयला महंगा होता जा रहा है। लेकिन किसानों को सस्ती और पर्याप्त बिजली देने के लिए बिजली कंपनियों को सब्सिडी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयले का संकट पूरी दुनिया में अया है। अब हम बिजली के दूसरे स्त्रोत के बारे में सोच रहे है। धीरे धीरे सोलर से बिजली बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। कोयले का विकल्प ढूढ़ना है। सरकार नई योजना लेकर आ रही है। किसान यदि अपने खेतों में 2 मेगावॉट बिजली के



सोलर पैनल लगाता है तो बैंक से लोन मिलेगा। किसानों की जरूरत के बाद बची बिजली को सरकार 3 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से खरीद लेंगी। सीएम ने कहा कि ओंकारेश्वर डेम के ऊपर भी सोलर पैनल लगाएंगे।

**खाद के लिए धैर्य रखने की बात:** सीएम ने खाद की उपलब्धता के लिए किसानों को धैर्य रखने की बात कही। सीएम ने कहा कि केन्द्र सरकार के संपर्क में है। खाद की कमी नहीं आने देंगे। खाद की आपूर्ति अंतरर्राष्ट्रीय स्तर से होती है, इसलिए देरी हो जाती है। हम खाद की मॉनीटरिंग कर रहे है। किसी ने गड़बड़ करने की कोशिश की, काला बाजारी करने की कोशिश की या ब्लैक में बेचने की कोशिश की तो छोड़ेंगे नहीं।

**कांग्रेस पर साधा निशाना:** शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को पैसा दे रहे तो कुछ लोगों को बुरा लग रहा है। कांग्रेस शिकायत लेकर चुनाव आयोग पहुंच गई। शिवराज ने कहा कि यह पहले से चल रही योजना है। मुझे हैरानी है कि कांग्रेस इसकी भी बुराई कर रही है।

**टीम इंडिया का दी बधाई:** सीएम ने रविवार को भारत-पाकिस्तान के क्रिकेट मैच को लेकर टीम इंडिया को शुभकानाएं दी। सीएम ने कहा कि विजय विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा। उन्होंने कहा कि रविवार को मैच में भारतीय टीम विजय हासिल करेंगी। मेरी और प्रदेश की जनता की ओर से टीम को शुभकानाएं।

## पहली बर्फबारी से कश्मीर के गुलमर्ग-सोनमर्ग और पहलगाम ने ओढ़ी सफेद चादर



### पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद बढ़ी

**श्रीनगर**। कश्मीर घाटी में मौसम बर्फबारी के चलते सफेद चादर से ढक गया है। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों में उत्साह लेकर आई है। घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग, सोनमर्ग, पहलगाम, अहरबल बर्फ की सफेद चादर से ढक गए हैं। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि बर्फबारी से यहां पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम में अभी भी हल्की बर्फबारी हो रही है और यहां मौजूद पर्यटक बर्फ में खेलते नजर आ रहे हैं।

होटल व्यवसाय से जुड़े इमरान मसूद ने बताया कि रात को शुरू हुई बर्फबारी ने सुबह तक गुलमर्ग की पूरी वादी को अपने आघोष में ले लिया था। अभी भी हल्की बर्फबारी हो रही है और इस समय गुलमर्ग सफेद चादर में ढक गया है। देश-विदेश से आए पर्यटक इस बर्फबारी का मजा ले रहे हैं। इस बर्फबारी के बाद पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि कश्मीर के हालात सामान्य रहें और कोरोना महामारी के कारण उन्होंने जिस मंदी के दौर का सामना किया है, वह इस बर्फबारी की सफेद चादर में ढक जाएं।

वहीं गुलमर्ग में हसीन वादियों का आनंद लेने मुंबई से आए प्रकाश भाई ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि गुलमर्ग बर्फबारी के बाद स्वर्ग सा दिखता है। उन्होंने पहली बार यह बर्फबारी देखी है। वे कश्मीर अकसर आते हैं परंतु बर्फबारी के दौरान वे कभी नहीं आए परंतु आज ये नजारा देख उन्हें बहुत खुशी हो रही है। खासकर उनके बच्चे बहुत खुश हैं। वे सुबह से ही बर्फ में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल यहां का नजारा कुछ और था परंतु आज सुबह जब वे उठे और उन्होंने अपने आसपास का पूरा इलाका सफेद चादर में लिपटा देखा तो लगा मानों मैं स्वर्ग में हूं।

## शहीद परवेज अहमद के परिवार से शाह ने की मुलाकात

### तीन दिन के दौरे पर जम्मू-कश्मीर पहुंचे शाह

**जम्म**। शनिवार से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के तीन दिन के दौरे पर हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद केंद्र शासित प्रदेश की यह उनकी पहली यात्रा है। श्रीनगर हवाई अड्डे पर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शाह का स्वागत किया,इस मौके पर प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अपने दौरे के दौरान नौगाम में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने इंस्पेक्टर परवेज अहमद जिनकी आतंकियों द्वारा हत्या कर दी गई थी, उनके घर जाकर परिज़नों से मुलाकात कर डार की पत्नी फातिमा अख्तर को सरकारी नौकरी देने का वादा किया।



शाह ने शहीद इंस्पेक्टर अहमद के परिजनों से कहा कि मुझे व पूरे देश को उनकी बहादुरी पर गर्व है।हम हमेशा जम्मू कश्मीर पुलिस और परवेज अहमद के सर्वोच्च बलिदान को याद रखने वाले है। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने जो नए जम्मू कश्मीर की कल्पना की है, उस साकार करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस पूरी तन्मयता से प्रयासरत है।

पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद शाह की यह पहली कश्मीर यात्रा है। शाह के घाटी दौरे से पहले पूरे कश्मीर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर में जवाहर नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के चारों ओर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि शाह के वहां का दौरा करने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह से शेर ए कश्मीर इंटरनेशनल कंवेशन सेंटर जाने वाली सड़कों को शनिवार से तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।

## भाजपा को रोकने छोटे दलों से गठबंधन कर रहे अखिलेश यादव

### अधिकांश के पास चुनाव चिह्न भी नहीं साइकिल छाप पर ही लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2022 को लेकर सभा राजनीतिक पार्टियां भाजपा को रोकने के लिए रणनीति बना रहे हैं। समाजवादी पार्टी को बीते कुछ चुनावों में कांग्रेस और बसपा जैसे प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इसे देखते हुए अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में छोटे दलों के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया है। इनमें से अधिकांश पार्टियों के पास चुनाव चिह्न भी नहीं हैं। इससे इनके अधिकांश कैंडिडेट साइकिल छाप पर ही चुनाव लड़ेंगे।ऑ राष्ट्रीय लोक दल (रालोद), सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी), महान दल और जनवादी पार्टी जैसी पार्टियां, जिनका राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रभाव



है, आने वाले दिनों में सपा के साथ सीट बंटवारे के फॉर्मूले को औपचारिक रूप देने के लिए तैयार हैं। जयंत चौधरी के नेतृत्व वाली रालोद पहले से ही सपा के साथ गठबंधन में है। निवर्तमान यूपी विधानसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं होने के कारण, पार्टी को उम्मीद है कि किसान आंदोलन से उसे पश्चिमी यूपी के मुसलमानों और जाटों को एक ही मंच पर लाने में मदद मिलेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रालोद के प्रवक्ता सुनील लोहटा ने बताया, पश्चिमी यूपी में माहौल बदल गया है। किसान और मजदूर अब हाथ मिला चुके हैं। समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर हम इस क्षेत्र में बीजेपी को हराएंगे। एसबीएसपी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने लखनऊ में अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद सपा के साथ गठबंधन की घोषणा की। पार्टी का राजभरों के बीच एक समर्थन आधार है, जिनकी वाराणसी और इसके आसपास के जिलों जैसे गाजीपुर, आजमगढ़ और मऊ में काफी उपस्थिति है।

## पीएम मोदी ने कहा, गोवा में विकास की निरंतरता बनाए रखने के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी



पणजी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा को विकास का नया मॉडल करार देकर राज्य सरकार की जमकर तारीफ कर राज्य में ''डबल इंजन के विकास की निरंतरता बनाए रखने का आह्वान किया। के लाभार्थियों एवं हितधारकों के साथ संवाद करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उम्मीद जाहिर कि कोरोना टीका कार्यक्रम जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा, वैसे-वैसे गोवा में पर्यटन में वृद्धि होगी और अर्थव्यवस्था को ताकत मिलेगी।

गोवा को भारत की अर्थव्यवस्था और पर्यटन क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बताकर पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ साल में केंद्र सरकार ने पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए गोवा को हर तरह से सहयोग देकर पर्यटन केंद्रों की स्थापना के लिए भी उसकी मदद की है। उन्होंने कहा, अब देश ने भी 100 करोड़ टीकों की खुराक का आंकड़ा पार कर लिया है। इससे लोगों में, पर्यटकों में विश्वास बढ़ा है। इससे गोवा के पर्यटन क्षेत्र में नई ऊर्जा देखने को मिलेगी। गोवा में स्वदेशी और विदेशी दोनों पर्यटकों की आवाजाही भी निश्चित रूप से बढ़ने वाली है।''

राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख कर उन्होंने कहा कि गोवा ने केंद्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन भी बहुत अच्छे ढंग से किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने खुले में शौच से मुक्ति का लक्ष्य रखा, तब गोवा ने शत-प्रतिशत यह लक्ष्य हासिल किया।इसतरह देश ने हर घर को बिजली से जोड़ने, हर घर जल अभियान में और गरीबों को मुफ्त राशन देने के मामले में गोवा ने शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। उन्होंने कहा, ''महिलाओं की सुविधा और सम्मान के लिए जो योजनाएं केंद्र सरकार ने बनाई हैं,उन्हें गोवा सफलता से जमीन पर उतार रहा हैं, जबकि विस्तार भी दे रहा है। चाहे टॉयलेट्स हों, उज्वला गैस कनेक्शन हों या फिर जनधन बैंक अकाउंट हों, गोवा ने महिलाओं को ये सुविधाएं देने में बेहतरीन काम किया है। उन्होंने कहा, गोवा यानी आनंद, गोवा यानी प्रकृति, गोवा यानी पर्यटन। प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा में राजनीतिक अस्थिरता ने राज्य के विकास को बहुत नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक स्थिरता के फायदे गिनाकर उन्होंने कहा कि आज गोवा नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को याद करते हुए उन्होंने कहा, मेरे मित्र स्वर्गीय पर्रिकर जी ने गोवा को तेज विकास के जिस विश्वास के साथ आगे बढ़ाया, उस मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की टीम पूरी ईमानदारी से नई बुलंदियां दे रही है।



## वन-टू-वन

### बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और कप्तान महमूदुल्लाह के बीच जुबानी जंग जारी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की टीम सुपर 12 के लिए क्वालिफाई कर चुकी है।लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और कप्तान महमूदुल्लाह के बीच जुबानी जंग खत्म नहीं हो रही है। पिछले दिनों स्कॉटलैंड के खिलाफ करारी हार के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष नजमुल हसन ने टीम के कमिटमेंट पर सवाल उठाए थे।इसके बाद महमूदुल्लाह ने इसका जवाब दिया था। अब फिर से हसन ने महमूदुल्लाह पर जुबानी हमला किया है।हसन ने कहा, 'जैसा कि महमूदुल्लाह ने कहा कि उन्हें बुरा लगता है जब कोई उनकी कमिटमेंट पर सवाल उठाता है। मुझे नहीं लगता कि किसी ने उनकी कमिटमेंट के बारे में सवाल उठाया।उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें कम आंका लेकिन मुझे लगता है कि ये एक भावनात्मक प्रतिक्रिया थी। स्कॉटलैं ने 17 अक्टूबर को बांग्लादेश को 6 रनों से हरा दिया था।इसके बाद हसन ने कप्तान महमूदुल्लाह, शाकिब-अल-हसन और मुशफिकुर रहीम पर जम पर निशाना साधा था।उन्होंने कहा था कि बाटिंग के दौरान इन सबका नजरिया ठीक नहीं था।उन्होंने टीम की रणनीति पर भी सवाल उठाए थे।हसन ने अब कहा है कि वहां अब भी अपनी बातों पर कायम हैं कि पहले मैच में उनकी रणनीति और खेल से वहां खुश नहीं थे। महमूदुल्लाह ने कहा, 'हम इंसान हैं और हम गलतियां भी करते हैं। जब हम खेलते हैं,तब पूरा देश एक साथ खेलता है।हम इस अपने दिमाग में रखते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी के पास इसके लिए हमसे ज्यादा भावनाएं हैं।

### ब्लैक लिव्स मुहिम के तहत 'टेक ए नी करती दिखाई दी कंगारु टीम

**दुबई।** टी-20 विश्व कप सुपर-12 के पहले मुकाबले में कंगारु क्रिकेट टीम आखिरकार ब्लैक लिव्स मुहिम के तहत 'टेक ए नी करती दिखी। मैच शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर्स ने मुहिम को अपना समर्थन दिया और दुनिया से रंगभेद और सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आह्वान किया। ब्लैक लिव्स मुहिम लगातार मजबतू होती जा रही है। फुटबॉल विश्व कप, अमरीकी बेसबॉल, टेनिस जगत में भी खिलाड़ी रंगभेद के खिलाफ लामबंद हो चुके हैं। इसी मुहिम में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम भी खड़ी हो गई है। सुपर-12 का दूसरा मुकाबला इंगलैंड और विंडीज टीम के बीच होना है। विंडीज टीम के खिलाड़ी पहले ही ब्लैक लाइव्स मैटर मुहिम के तहत अपना समर्थन देते आए हैं। इस बार इंगलैंड भी उनके साथ मैच से पहले इस मुहिम का हिस्सा बनेगी। इंगलैंड के कप्तन इयोन मोर्गन ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दस्ते के भीतर हर किसी के लिए उतना ही होगा। मुझे लगता है कि दस्ते के भीतर जुनून और दृढ़ संकल्प या महत्वाकांक्षा काफी बढ़ी है और यह साल दर साल बढ़ रही है, इसलिए जाहिर तौर पर यह एक विशेष उपलब्धि होगी।

### केंद्रीय बैंक खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत स्तर पर वापस लाने को प्रतिबद्धः शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस महीने की शुरूआत में मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में नीतिगत दर बरकरार रखने के लिए मतदान करते हुए कहा ?कि केंद्रीय बैंक गैर-व्यवधानकारी तरीके से खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर वापस लाने को लेकर प्रतिबद्ध है। आरबीआई द्वारा हाल ही में जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के ब्योरे से यह जानकारी मिली। सरकार ने आरबीआई को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। खुदरा मुद्रास्फीति मई और जून में छह प्रतिशत से ऊपर थी, हालांकि यह सितंबर में घटकर 4.35 प्रतिशत पर आ गई। मौद्रिक नीति समिति की बैठक 6 से 8 अक्टूबर के बीच हुई थी। बैठक के ब्योरे के मुताबिक दास ने कहा कि अगस्त 2021 की बैठक में समिति को लगातार दूसरे महीने सकल मुद्रास्फीति (हेडलाइन इनफ्लेशन) के संतोषजनक सीमा से अधिक रहने की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जुलाई-अगस्त के दौरान मुद्रास्फीति में नरमी आने से एमपीसी का दृष्टिकोण और मौद्रिक नीति का रुख सही साबित हुआ। खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय कमी के कारण इस साल जुलाई और अगस्त में मुद्रास्फीति में तुलनात्मक रूप से नरमी रही। दास ने कहा कि यदि बेमौसम बारिश नहीं होती है, तो रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन, पर्याप्त खाद्य भंडार, आपूर्ति-पक्ष उपायों और अनुकूल आधार प्रभावों के चलते खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते परिवहन लागत को लेकर जोखिम बना हुआ है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 641 अरब डॉलर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 1.492 अरब डॉलर बढ़कर 641.008 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए अपने ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पिछले आठ अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 2.039 अरब डॉलर बढ़कर 639.516 अरब डॉलर हो गया था। इससे पूर्व तीन सितंबर 2021 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 15 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में यह वृद्धि मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) के बढ़ने की वजह से हुई जो कुल मुद्राभंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 95 करोड़ डॉलर बढ़कर 577.951 अरब डॉलर हो गई। डॉलर में बताई जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्ति में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण आरक्षित भंडार 55.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 38.579 अरब डॉलर हो गया।

# पाकिस्तान को 13वीं बार पटखनी देने आज मैदान में उतरेगी भारतीय टीम

### कोहली, रोहित, बुमराह और सूर्यकुमार यादव पर रहेगी निगाहें



**दुबई।** क्रिकेट जगत की वर्तमान पीढ़ी के कुछ दिग्गज खिलाड़ियों से सजी भारतीय टीम आईसीसी टी20 विश्व कप में रविवार को पाकिस्तानी टीम को फिर से चारों खाने चित करने मैदान में उतरेगी है। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी भी टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होता है क्योंकि दोनों देशों के बीच रिश्तों की संवेदनशील प्रकृति को देखकर उनमें बहुत कम खेल गतिविधियां होती हैं।इसकारण जब भी किसी आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें आमने सामने होती हैं,तब दर्शकों का उत्साह भी बुलंदियों पर होता है। अगर आईसीसी के वनडे और टी20 विश्व कप की बात करें तो भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सभी 12 मैचों में जीत दर्ज की है। टी20 विश्व कप के 2007 में शुरू होने के बाद भारतीय टीम ने पाकिस्तान को पांचों मैच में पराजित किया है और विराट कोहली की टीम यह विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत ने टी20 विश्व कप में सभी मैच धोनी की अगुवाई में जीते जो मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर कोहली का साथ देने के लिए यहां हैं। धोनी की मौजूदगी ही बाबर आजम और उनके साथियों की सिरदर्द बढ़ाने के लिये पर्याप्त है। फिर भी यह एक ऐसा मैच है जिसका सभी को इंतजार रहता है। आईसीसी से लेकर प्रसारक तक इस मैच से मोटी कमाई करने पर ध्यान देते हैं,तब प्रशंसकों की भावनाएं इससे जुड़ी होती हैं। लेकिन टी20 ऐसा प्रारूप है जिसमें किसी भी टीम की जीत सुनिश्चित नहीं मानी जा सकती है। सुनील गावस्कर हो या सौरव गांगुली, खेल की समझ रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति यह अच्छी तरह से समझता है कि इस प्रारूप में दो टीमों के बीच अंतर बहुत कम होता है और कोई भी एक खिलाड़ी अपनी टीम को जीत दिला सकता है। यह खिलाड़ी कोहली भी हो सकता है जो कि इस मैच से फॉर्म में वापसी करने के लिये प्रतिबद्ध होंगे। यह खिलाड़ी शाहीन शाह अफरीदी भी हो सकता है जो भारतीय शीर्ष क्रम पर हावी होने की कोशिश करेगा। यह मोहम्मद रिजवान या मोहम्मद शमी या फिर सूर्यकुमार यादव कोई भी हो सकता है। खिलाड़ी भले ही कहते रहे हैं कि यह उनके लिये एक अन्य मैच की तरह है लेकिन इस बात को वे भी अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रौद्योगिकी के जमाने में उनका लचर प्रदर्शन वर्षों तक उन्हें सालता रहेगा। चयनसमिति के वर्तमान अध्यक्ष चेतन शर्मा से बेहतर भला इस कौन जानता होगा जिनकी आखिरी गेंद पर 35 साल पहले जावेद मियादाद ने विजयी छक्का लगाया था। लेकिन तब से क्रिकेट काफी बदल चुका है और अब भारत क्रिकेट की सबसे मजबूत ताकत बन गया है जिसके पास कई अच्छे खिलाड़ी हैं। कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह जैसे क्रिकेटर पिछले मैचों के सहारे आगे बढ़ने या किसी तरह के दबाव में आने वाले खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं। भारत की तुलना में पाकिस्तान पर अधिक दबाव होगा। शाहीन अफरीदी, रिजवान, हारिस रऊफ और बाबर जैसे खिलाड़ियों पर न सिर्फ एक विश्वस्तरीय टीम के खिलाफ विश्व कप से जुड़ा मिथक तोड़ने की जिम्मेदारी है बल्कि उन्हें पाकिस्तान को लेकर क्रिकेट जगत की धारणा भी बदलनी होगी जिसके कारण इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने हाल में अपना पाकिस्तान दौरा रद्द कर दिया था। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान क्रिकेट पर अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है,इसके बाद भारत के खिलाफ मैच उसमें कुछ जीवन भर सकता है लेकिन यह आसान नहीं होगा। भारतीय खिलाड़ी यूएई में इंडियन प्रीमियर लीग में खेलकर इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं जबकि पाकिस्तान अपनी घरेलू श्रृंखलाएं यहां खेलता रहा है।

### बड़े अजीब तरीके से आउट हुए क्विंटम डिकॉक

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटम डिकॉक टी-20 विश्व कप सुपर-12 के ओपनिंग मुकाबले में फिर से सस्ते में सिमट गए। लेकिन मैच के दौरान उनके आऊट होने का तरीका चर्चा में आ गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 रन पर 2 विकेट गंवाने के बाद द.अफ्रीका की टीम जब प्रेशर में थी,तब क्रिकेट फैंस की नजरें डिकॉक पर टिकी हुई थीं। डिकॉक 7 रन पर खेल रहे थे, तभी ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की गेंद को मारने के चक्कर में उन्होंने पुल शॉट खेला। गेंद उनके थाई-पैड से लगने के बाद हवा में उछली और जमीन पर टप्पा खाकर विकेट पर जा लगी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वहीं बात करें दक्षिण अफ्रीका की तब पहले से ही आई.सी.सी. इवैंट्स में खराब खेल के कारण चौकर्स का टैग लगा हुआ है।

# नासिर हुसैन बोले- सबसे छोटे प्रारूप में अनिश्चितता की स्थिति में नॉकआउट में कोई भी टीम भारत को हरा सकती है

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि वैकल्पिक योजना के अभाव और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अनिश्चितता की स्थिति के चलते आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में 'कोई भी टीम भारत को हरा सकती है'। अभ्यास मैचों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराकर भारत टूर्नामेंट से पहले शानदार लय में दिख रहा है। आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के कारण टीम के खिलाड़ियों के पास आवश्यक मैच अभ्यास भी है। हुसैन ने 'स्काई क्रिकेट' से कहा, 'वे खिताब जीतने के दावेदार है। मैं उन्हें हालांकि प्रबल दावेदार नहीं मानूंगा क्योंकि यह प्रारूप अनिश्चितता वाला है।' उन्होंने कहा, 'इस प्रारूप में किसी एक खिलाड़ी की 70 या 80 रन की पारी या महज तीन गेंदों में मैच का रुख पलट सकता है। इसलिए कोई भी नॉकआउट मैच में भारत को परेशान कर सकता है।' हुसैन ने हाल के आईसीसी प्रतियोगिताओं के नॉकआउट



चरणों में भारत के खराब रिकॉर्ड का भी जिक्र किया। भारत ने अपना आखिरी आईसीसी खिताब 2013 में एमएस धोनी के नेतृत्व में चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में इंग्लैंड को हराकर हासिल किया था। भारतीय टीम इसके बाद 2015 विश्व कप, 2016 टी 20 विश्व कप और 2019 विश्व कप में सेमीफाइनल से बाहर हो गई थी, जबकि 2017 चैंपियंस ट्रॉफी और इस साल की शुरुआत में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उपविजेता रही है। उन्होंने कहा, 'भारत का आईसीसी टूर्नामेंटों में पिछले कुछ वर्षों में रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और यह कुछ ऐसा है जिससे उन्हें निपटना होगा। जब वे नॉकआउट में खेलते है तो भारतीय दर्शकों और प्रशंसकों की उम्मीदों का दबाव और बढ़ जाता है।'

हुसैन को लगता है कि नॉकआउट मैच में शीर्ष क्रम के विफल होने पर भारत के पास वैकल्पिक योजना नहीं है। उन्होंने कहा, 'जब वे अहम मोड़ पर पहुंचते हैं तो उनके पास वैकल्पिक योजना की कमी होती है। आप पिछले विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच को देख सकते हैं, अचानक वह मैच कम स्कोर वाला हो जाता है और उनके पास कोई वैकल्पिक योजना नहीं थी। वे न्यूजीलैंड की एक बहुत अच्छी टीम से हार जाते हैं। ऐसे में यह उनके लिए एक मुद्दा होगा।' उन्होंने कहा, 'भारत के साथ एक समस्या यह भी है कि शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा, विराट कोहली और लोकेश राहुल जैसे बल्लेबाजों के होने से मध्यक्रम को ज्यादा मौके नहीं मिलते और नॉकआउट मैचों में अगर शीर्ष क्रम बिखर जाता है तो टीम परेशानी में आ जाती है।'

# आईसीसी टी20 विश्वकपः भारत-पाक मैच पर लगा 1000 करोड़ रुपए का सट्टा




### -एंटी करप्शन यूनिट सतर्क

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 विश्वकप में रविवार से टीम इंडिया अपने मिशन का आगाज करेगा। पहले मैच में टीम इंडिया का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। इस मुकाबले पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं। कहा जा रहा है कि दुबई मे 24 अक्टूबर को होने वाले इस मैच में अब तक करीब 1000 करोड़ रुपए का सट्टा लगाया जा चुका है। खास बात ये है कि सट्टेबाजों की पहली पसंद टीम इंडिया है। सट्टा बाजार के मुताबिक टॉस के तुरंत बाद ये आंकड़ा करीब 1500 से 2000 करोड़ तक बढ़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक दुबई में इस वक्त देशभर के कई बुकी मौजूद हैं। दुबई के एक बड़े बुकी ने नाम न बताने की शर्त पर सट्टे के रेट्स और फेवरेट टीम के बारे में कुछ जानकारियां भी दी। भारत का रेट इस वक्त 57, 58 बना हुआ है। आनलाइन बेटिंग्स साइट के जरिये भी देश भर में तमाम छोटे बड़े और हाईप्रोफाइल सट्टेबाजों ने करोड़ों का सट्टा इस बड़े मैच पर लगाया है। बता दें की बीसीसीआई की एन्टी करप्शन यूनिट के बड़े अधिकारी इस समय दुबई और आबूधाबी में मौजूद है जो हर मैच पर नजर बनाए हुए हैं। बीसीसीआई की एन्टी करप्शन यूनिट के एक बड़े अधिकारी से इस मामले पर हमसे बात भी की है। उनका कहना है, 'हमारे अधिकारी और लोकल एजेंसी हर मूवमेंट पर नजर बनाए रखती है जिसमें प्लेयर की सुरक्षा और तमाम मुद्दे शामिल है।' हालांकि उन्होंने 1000 करोड़ के सट्टे लगाए जाने की बात पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बता दे की देश भर की पुलिस खासकर क्राइम ब्रांच साइबर यूनिट्स की नजर तमाम ऐसी साइट्स पर भी है जहा ऑनलाइन बेटिंग्स रैकेट चल रहे है।

# पेट्रोल इंजन के बाद इलेक्ट्रिक मोटर के साथ भी आएगी टाटा पंच

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कार निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने बीते ?दिनों अपनी माइक्रो एसयूवी टाटा पंच लॉन्च की है। इस कार को इंडिया में काफी शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। कुछ वक्त पहले ऐसी रिपोर्ट्स आई थीं कि कंपनी इस कार इलेक्ट्रिक वीकल के तौर पर भी बाजार में उतार सकती है और अब यह कम्फर्म हो गया है कि टाटा पंच को कंपनी पेट्रोल इंजन के बाद इलेक्ट्रिक मोटर के साथ भी लाएगी। हालांकि इसके लिए आपको इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि टाटा पंच ईवी अभी कॉन्सेप्ट फेज में हैं। कंपनी ने बीते सोमवार को यह कार लॉन्च की है और इसे 1.2 लीटर रेवोट्रोन इंजन के साथ मार्केट में उतारा गया है। यह इंजन 86 पीएस पावर और 113 एनएम पीक टॉर्क जेनेरेट करता है। यह कार फिलहाल 5 स्पीड मैन्युअल और 5 स्पीड एएमटी का विकल्प देती है। टाटा पंच माइक्रो एसयूवी भारतीय बाजार में प्योर , एडवेंचन, अकोंपलीस्ड और क्रेटिव जैसे चार वैरिएंट्स में लॉन्च की गई है। टाटा पंच को भारत में 5.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया है, जो कि इसके प्योर ट्रीम लेवल वेरिएंट की कीमत है। इसके एडवेंचर ट्रिम लेवल की कीमत 6.39 लाख रुपये, अकोंपलीस्ड ट्रिम लेवल की कीमत 7.29 लाख रुपये है और क्रेटिव ट्रिम खरीदने के लिए आपको 8.49 लाख रुपये चुकाने होंगे। टॉप मॉडल टाटा पंच क्रिएटिव ऑटोमेटिक वेरियंट की कीमत 9.09 लाख रुपये है। टाटा मोटर्स पहले से अपनी इलेक्ट्रिक रेन्ज को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है और हाल में कंपनी ने सबसे किफायती इलेक्ट्रिक कार टाटा टिगोर ईवी बाज़ार में लॉन्च की है। कंपनी टिगोर से भी सस्ती इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने का प्लान बना रही है तो इस लिहाज से टाटा पंच एक अच्छा ऑप्शन है।

# टेक्सटाइल मंत्रालय ने 7 मेगा टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की अधिसूचना जारी की

**नई दिल्ली।** आत्मनिर्भर भारत की दिशा में केंद्र सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। कपड़ा मंत्रालय ने 7 मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्रा) पार्कों की स्थापना की अधिसूचना जारी कर दी है। 2021-22 के केंद्रीय बजट में इसकी घोषणा की गई थी और केंद्र सरकार द्वारा इसे अनुमोदित किया गया था। इस योजना का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने का विजन साकार करना है।


पीएम मित्रा प्रधानमंत्री के 5एफ विजन से प्रेरित है। 5 एफ फॉर्मूला में शामिल हैं फार्म टू फाइबरष कारखाने के लिए फाइबर, फैशन के लिए कारखाना, विदेशी के लिए फैशन। यह एकीकृत अर्थव्यवस्था में कपड़ा क्षेत्र के विकास को ओर आगे बढ़ाने में मदद करेगी। किसी अन्य प्रतिस्पर्धी देश में हमारे जैसा संपूर्ण कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र नहीं है। भारत सभी पांचों एफ में मजबूत है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य-9 (लचीले बुनियादी ढांचे का निर्माण, सतत औद्योगीकरण को बढ़ावा देना और नवाचार को बढ़ावा देना) को प्राप्त करने में भारत की मदद करने के लिए पीएम मित्र पार्क की परिकल्पना की गई है। मित्र पार्क योजना याने मेगा इनवेस्टमेंट टेक्सटाइल रीजन एंड अपेरल योजना। इसमें पोर्ट्स के पास टेक्सटाइल पार्क बनाए जाने की योजना है। यह योजना शुरू होने से निर्यात में आने की संभावना है। भारत कपड़ा उद्योग में दुनिया का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। टेक्सटाइल पार्क के जरिए इस सेक्टर में एक्सपोर्ट रैंकिंग सुधारने की योजना है। कपड़ा मंत्रालय की एकीकृत टेक्सटाइल पार्क योजना के तहत देश में 59 टेक्सटाइल पार्क को मंजूरी दी गई है।

### बिटकॉइन की कीमत 66 हजार डॉलर के पार पहुंची

**नई दिल्ली।** क्रिप्टोकरेंसी की लोकप्रिय करेंसी बिटकॉइन की कीमत 66 हजार डॉलर के पार पहुंच गई। पहली बार इस लेवल पर बिटकॉइन की कीमत पहुंची।बता दें कि बिटकॉइन की कीमतों में यह तेजी अमेरिका में पहला बिटकाइन फ्यूचर्स-बेस्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) शुरू होने के बाद आई थी।हालांकि, शुक्रवार को बिटकाइन का रेट 4 प्रतिशत घटकर 62,740 डॉलर पर कारोबार कर रहा है।इस एसेट ने लगभग हर दूसरे को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन सवाल यह है कि यह तेजी कब तक जारी रहेगी।क्या यह 100,000, 200,000 या 500,000 के आंकड़ों को पार कर सकता है? यदि हां, तो कब तक ? या यह संभव है कि बिटकॉइन, अन्य एसेट्स की एक बुलबुला जो समय के साथ समाप्त हो जाएगा और फिर शून्य हो जाएगा? बिटकॉइन की कीमतों में तेजी से इसका मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंच गया।ज्यादातर विश्लेषक निवेशकों को क्रिप्टो को अपने पोर्टफोलियो में शामिल करने की सलाह दे रहे हैं और इसे भी एक एसेट क्लास के रूप में बता रहे हैं।

# टाटा मोटर्स ने लांच की नई मिनी एसयूवी टाटा पंच

### बाजार में 20 साल से राज कर रही मारु?ति सुज़ुकी से होगी टक्कर




**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी नई मिनी एसयूवी टाटा पंच को पेश कर ?दिया है। ये एसयूवी बाजार में 20 साल से राज कर रही मारुति सुजुकी की प्रीमियम हैचबैक कार स्विफ्ट के लिए कड़ी चुनौती बनने जा रही है। मारुति स्वीफट और टाटा पंच के साइज की बात की जाए तो टाटा पंच ज्यादा कॉम्पैक्ट कार है।मारुति स्विफ्ट की लंबाई 3.84 मीटर है।जबकि टाटा पंच 3.82 मीटर लंबी है।इस तरह जिन घरों में पार्किंग स्पेस की दिक्कत है, वहां टाटा पंच बाजी मार सकती है।ऊपर से टाटा पंच एक एसयूवी है जबकि मारुति स्वीफट एक हैचबैक कार है। टाटा मोटर्स अपनी कारों में सेफ्टी का विशेष ध्यान रखती है।उसके कई मॉडल को गाड़ियों की वैश्विक सेफ्टी रेटिंग एजेंसी जीएनसीएपी से 5 स्टार रेटिंग मिली है।जिसमें टाटा नेक्सान और टाटा अल्ट्रोज शामिल है। कंपनी की इस नई नवेली पेशकश टाटा पंच को भी ग्लोबल एनसीएपी की 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली है।जबकि मारुति स्वीफ्ट को जीएनसीएपी के क्रैश टेस्ट में 2-स्टार रेटिंग मिली है। टाटा पंच और मारुति स्विफ्ट की इंजन क्षमताएं लगभग बराबर हैं।स्विफ्ट में जहां मारुति का के-सीरीज डुअल जेट 1.2 लीटर का पेट्रोल इंजन है।वहीं टाटा पंच में ये 1.2 लीटर का रेवोट्रॉन इंजन है।ये दोनों इंजन 113 एनएम का टॉर्क जेनरेट करते हैं, जबकि इनकी मैक्सिमम पॉवर क्रमशः 88.5 बीएचपी और 84.5 बीएचपी है। मारुति स्विफ्ट एक हैचबैक कार है।ऐसे में वो एक छोटी और कंफर्ट कार है।जबकि टाटा पंच एक एसयूवी है जो हैचबैक कार की तरह कंफर्ट तो देती ही है। अब बात इन दोनों कारों के दामों की।टाटा पंच को 5.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में पेश करके टाटा मोटर्स ने बाजार में कड़ी जंग शुरू की है।

मारुति स्विफ्ट के सबसे बेस मॉडल की एक्स शोरूम प्राइस भी 5.85 लाख रुपये से शुरू होती है।ऐसे में इस पैमाने पर भी टाटा पंच बाजार में मारुति स्विफ्ट के 20 साल के दबदबे को तोड़ने का माद्दा रखती है। एडवेंचर, ऑफ-रोड ड्राइविंग, खराब सड़कों पर ज्यादा आरामदायक सफर की सुविधा भी देती है।

### टोयोटा इनोवा क्रिस्टा लिमिटेड एडीशन प्रस्तुत

**नई दिल्ली।** भारत में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी पॉपुलर एमपीवी का खास मॉडल टोयोटा इनोवा क्रिस्टा लिमिटेड एडीशन पेश किया है। यह एमपीवी लेटेस्ट फीचर्स से लैस है। फेस्टिवल सीजन में ग्राहकों के लिए पेश इनोवा के इस खास वेरिएंट को एप्पल कारप्ले और एंड्रायड ऑटो सपोर्ट वाले नए टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम के साथ पेश किया गया है। नई इनोवा क्रिस्टा को कंपनी ने कई खास खूबियों के साथ पेश किया है। इनोवा क्रिस्टा लिमिटेड एडिशन एक्सक्लूसिव और अच्छी तरह तैयार पैकेज है, जिसे ग्राहकों के लिए पेश किया गया है और इस फेस्टिवल सीजन जो लोग इस बड़ी कार को खरीदना चाहते हैं, उनके लिए नए विकल्प आ गए हैं। टोयोटा इनोवा क्रिस्टा लिमिटेड एडीशन की आकर्षक खूबियों की बात करें तो इसमें मल्टी टेरेन मोड, 360 डिग्री कैमरा, हेड अप डिस्प्ले, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, वायरलेस चार्जर, डोर एजिंग लाइिंग और एयर आयोनाइजर जैसे फीचर्स हैं। एयर आयोनाइजर की वजह से केबिन के अंदर साफ और ताजी हवा मिलती है। इसके साथ ही पियानो ब्लैक ग्रिल, पियर्सिंग हेडलैंप, डायमंड कट अलॉय व्हील्ज, 7 एयरबैग्स, वीइकल स्टैबिलिटी कंट्रोल, हिल स्टार्ट असिस्ट और मल्टी राइडिंग मोड्स और क्रूज कंट्रोल के साथ ही और भी कई खास फीचर्स हैं, जिससे यह एमवीपी और भी शानदार हो गई है। आपकों बताते है कि लिमिटेड एडिशन इनोवा क्रिस्टा की कीमत कितनी है टोयोटा इनोवा क्रिस्टा ?लिमिटेड एडीशन के पेट्रोल वेरिएंट की कीमत 17.18 लाख रुपये और डीजल वेरिएंट की कीमत 18.99 लाख रुपये है। 7-8 सीटर ऑप्शन वाली इस एमपीवी के सभी रेगुलर और लिमिटेड एडिशन वेरिएंट्स की कीमत अब 17.18 लाख रुपये से लेकर 24.98 लाख रुपये (एक्स शोरूम, दिल्ली) के बीच हो गई है।

# पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं आज रखेगी करवाचौथ का उपवास

## बाजार में दिनभर महिलाओं ने की खरीददारी, बने रहे जाम के हालात, नपा व ट्रैफिक ने नहीं किये जाम से निपटने के इंतजाम

**भिण्ड।** महिलाओं द्वारा पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर 24 अक्टूबर को करवाचौथ का पर्व मनाया जायेगा, इस वर्ष को लेकर शादीशुदा व नव विवाहिता महिलाओं ने एक दिन पूर्व शनिवार को सदर बाजार, कुसुमबाई बाजार में जमकर खरीददारी की। महिलाओं द्वारा पूजन सामग्री व श्रृंगार की सामग्री खरीदी गई ताकि करबाचौथ के दिन अपने पति को रिझाने में किसी तरह की कोर कसर न रह जाये। शनिवार को दिनभर बाजार में जाम के हालात बिगड़े हर मिनट पर जाम लग रहा था, इससे निपटने के लिए ट्रैफिक व नपा ने किसी तरह की तैयारी नहीं की इसलिए लोगों को बाजार से निकलने में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। गौरतलब है कि देश में वर्षभर में कई त्यौहार मनाये जाते हैं जिनका अपना अलग-अलग महत्व है वहीं करवाचौथ का सुहागन महिलाएं निर्जला उपवास रखती है और चांद निकलते ही चालनी में पति का चेहरा देख पति के हाथों जल ग्रहण कर उपवास खोलती है। इस दिन पूजा के दौरान आमतौर पर रानी-वीरावती की कहानी सुनवाई जाती है इस पर्व के बारे में बुर्जुग महिला श्यामा बाई ने बताया कि करवाचौथ का वृत पति की लंबी उम्र के लिए किया जाता है, इस दिन महिलाएं सोलह श्रंगार कर चंद्रमा की पूजा करती है, महिलाओं द्वारा मेंहदी, चूड़ी, बिंदी, मांग टीका सहित अन्य श्रंगार किया जाता है। इस व्रत में भगवान शिव-पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, चंद्रमा का पूजन करने का विधान है। पति की लंबी उम्र के लिए सभी सुहागिन महिलाएं व्रत रखती है। शनिवार को बाजार का नजारा देखने लायक था सदर बाजार, परेड चौराहा, पुस्तक बाजार, घास मंडी, हनुमान बजरिया में महिलाओं की इतनी भीड़ थी कि पैर रखने तक को जगह नहीं बची थी, वहीं कपड़े, ज्वैलर्स, श्रंगार की दुकानों पर दुकानदारों को सांस लेने की फुर्सत तक नहीं दिखाई दे रही थी, शनिवार के दिन आम दिनों की अपेक्षा बहुत अच्छा खासा बाजार चला।





### सदर बाजार में शिफ्ट हुए हाथ ठेले, हॉकर्स जोन में छाया रहा सन्नाटा

उल्लेखनीय है कि करवाचौथ के लिए खरीदारों की भीड़ सदर बाजार में अधिक होने से सभी फुटपाथी दुकानदार व चार पहिया ठेले वाले नपा प्रशासन द्वारा विगत वर्ष बनाये गये हॉकर्सजोन को छोड़कर सदर बाजार में पहुंच गए। ऐसे में हॉकर्सजोन में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। फुटपाथिए एवं चार पहिए ठेले वाले दुकानदार न केवल नपा का पथकर अदा कर रहे है बल्कि जिन दुकानदारों के बाहर वह अपनी दुकानें लगा रे है उनको अलग से 200 से 300 रुपये प्रति दिन की दर से दे रहे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद प्रशासन चार पहिए ठेले वालों और फुटपाथी दुकानदारों को हॉकर्सजोन में स्थाई रूप से स्थापित नहीं करवा पाया है।

# टोल पर जाम में फंसने से इलाज के अभाव में बुजुर्ग की मौत

### टोल मैनेजर की लापरवाही, टोल नियमों की उड़ाते है धज्जियां



**भिण्ड।** मालनपुर के पास बरेठा टोल पर 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक बर्बर डाउन होने से जाम में फसे बुजुर्ग की इलाज के अभाव में मौत हो गई। पुष्पेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि मैं अपने मामा बलबहादुर सिंह भदौरिया पुत्र रामदास सिंह उम्र 70 साल को दो और साथियों के साथ गाड़ी क्रमांक एमपी 30 सी 5280 से इलाज के लिए ग्वालियर ले जा रहे थे। चार बजे से 6 बजे तक जाम में फसे रहने के कारण इलाज के अभाव में मेरे मामाजी ने दम तोड दिया। मेरे मामा सोई थाना फूप अटेर के रहने वाले में वही से उनके लेकर इलाज कराने के लिए लेकर जा रहे थे वह बाइरल फीवर से पीड़ित थे उनको जिला चिकित्सालय भिंड से ग्वालियर के लिए रेफर किया गया था और मैं अपनी निजी गाड़ी से लेकर जा रहा था। जाम में तमाम वाहनो के अलावा और भी कई ऐंबुलेंस जाम में फंसी रहीं।

### बरही टोल प्लाजा पर भी वसूली के चलते लगाया जाता है जाम

बता दें कि जिस प्रकार बरेठा टोल प्लाजा पर बुजुर्ग की मौत का मामला सामने आया है ऐसी ही कई गंभीर अनियमितताएं बरही टोल प्लाजा पर बरती जाती है। बरही टोल पर ऊपरी कमाई और रेत की अवैध वसूली करने के लिए तैनात लठ्ठाधारी कर्मचारी वाहनों को कई घण्टे इंतजार करवाते हैं शायद बरही टोल प्लाजा मैनेजर भी किसी अप्रिय घटना घटने का इंतजार कर रहे है जिसके बाद ही टोल प्लाजा पर घण्टो जाम बने रहने की प्रक्रिया खत्म करेंगे। फिलहाल बरेठा एवं बरही टोल प्लाजा एक ही कम्पनी संभाल रही है।

### यह है नियम

टोल प्लाजा नियम के मुताबिक यदि टोल सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण वाहन को 15 मिनट बाद निशुल्क निकाला जायेगा। साथ ही ये भी बताया जा रहा है कि टोल प्लाजा पर एंबुलेंस निकालने के लिए अलग से रास्ता बना दिया जाता है। लेकिन टोल मैनेजर की लापरवाही के चलते एक बुजुर्ग को मौत हुई साथ ही दो अन्य ऐंबुलेंस भी टोल में फंसी रही। जिससे उसमें भर्ती मरीज के साथ भी गंभीर घटना घटित हो सकती थी।

# प्रेम प्रसंग में अलग-अलग धर्म के युवक युवती पहुंचे थाने

### धर्म अलग होने से फंसा लवजिहाद का मामला, डीएसपी थापा ने की काउंसिलिंग



**भिण्ड।** फूप क्षेत्र के अंतर्गत प्रेम प्रसंग में अलग-अलग धर्म के युवक युवती का मामला सामने आया जिससे धर्म अलग-अलग होने की वजह से और लव जिहाद के अंदेशा होने के कारण फूप थाने में विगत रात्रि हिंदू सेना, बजरंग दल, करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने थाना घेर लिया और मुस्लिम लड़के पर लवजिहाद का मामला दर्ज करने की मांग की। इस मामले में महिला डीएसपी पूनम थापा ने रात दो बजे तक लड़की की काउंसिलिंग की। तब लड़की ने बताया कि- मेडम, मुझे पता है कि शादी के बाद मुझे धर्म परिवर्तन करना होगा। मैंने, यूट्यूब पर धर्म परिवर्तन के वीडियो देखे हैं। मैं बहुत प्यार करती हूं। पुलिस की समझाइश के बाद युवती अपने माता-पिता के साथ चली गई। दरअसल, उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद कस्बे में रहने वाली 18 वर्षीय युवती को पड़ोसी युवक शादाब सिद्दकी के साथ प्रेम प्रसंग लंबे समय से चल रहा था। युवती अगस्त महीने में 18 साल की हुई है। युवती, बालिग होते ही परिजनों ने समाज में योग्य लड़का देख उसकी शादी पक्की कर दी। जब प्रेमी युवक शादाब सिद्दकी को पता चला तो उसने सगाई तुड़वा दी। इस बात की जानकारी लगते ही युवती के परिजनों ने उसे मामा के घर फूप भेज दिया। शुक्रवार की शाम को युवती ने युवक को फोन करके बुलाया और उसके साथ भागने की प्लानिंग कर ली।

इससे पहले युवती ने मामा-मामी समेत परिवार के अन्य सदस्यों को घर के अंदर बंद किया और वो प्रेमी युवक के साथ भाग खड़ी हुई। घर के अंदर कैद मामा के परिजनों ने मोहल्ला वासियों को फोन करके पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद मोहल्ला वासियों ने युवक और युवती को घेर लिया। स्वयं को असुरक्षित महसूस कर दोनों सीधे थाने जा पहुंचे। यहां उन्होंने बालिग होने की बात बताते हुए शादी करने की बात कही। दोनों के पीछे बजरंग दल, हिंदू सेना और करणी सेना के कार्यकर्ता भी पहुंच गए।

### 5 घंटे चला हंगामा

बजरंग दल,करणी सेना और हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने हिंदू लड़की व मुस्लिम लड़का को लेकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद लव जिहाद का मामला दर्ज करने की मांग करने लगे। उन्होंने थाने का घेराव करते हुए करीब 5 घंटे तक हंगामा किया। हंगामा को देख पुलिस के वरिष्ठ अफसर भी मौके पर आ गए। डीएसपी पूनम थापा भी मौके पर पहुंच गई। लड़की के परिजनों को मोहम्मदाबाद से बुलाए गए। इसके बाद लड़की की काउंसिलिंग डीएसपी थापा ने की।

### डीएसपी थापा ने काउंसिलिंग का सुलझाया मामला

डीएसपी थापा का कहना है कि जब लड़की की काउंसिलिंग की गई तो लड़की कहना था कि मेडम, मुझे पता है कि शादी के बाद क्या कैसे होता है? मैंने यूट्यूब पर शादी के बाद धर्म परिवर्तन के वीडियो भी देखे है। मैंने अपने लिए एक नाम भी सोच रखा है। मैं शादाब से बहुत प्यार करती हूं। मुझे उसकी साथ छोड़ दो। इसके साथ ही लड़के की काउंसिलिंग की गई तो लड़का तैयार हो गया। इसके बाद लड़की भी अपने परिवार के साथ जाने के लिए तैयार हो गई। पुलिस इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# समाजसेवी पूर्व प्राचार्य गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ अस्पताल में हुआ फल वितरण



**गोरमी।** नगर के जाने-माने समाजसेवी पूर्व प्राचार्य एवं ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद सिंह गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर स्थानीय पटेल महाविद्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय राजनेता समाजसेवी एवं पत्रकार शामिल हुये श्रद्धांजलि सभा के प्रारम्भ में सभी लोगों ने स्वर्गीय गुर्जर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये इसके बाद सभी वक्ताओं ने समाजसेवी गुर्जर के जीवन मे विस्तार पर प्रकाश डालते हुये कहा कि बो एक महान कर्मयोगी थे टीकरी जैसे बेहड़ के गांव से गोरमी आकर उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से शिक्षा एवं समाज सेवा के माध्यम से नगर में अपना विशेष स्थान बनाया इसके बाद राजनीति में आकर भी उन्होंने अपनी अलग छाप छोड़ी जो हम सब लोगो के लिये आज भी एक प्रेरणा है एवं हम सब लोग उनके बताए मार्ग पर चलकर राजनीति एवं समाज सेवा में असहाय एबम गरीवी की मदद कर उन को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे श्रद्धांजलि सभा के उपरांत स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन गोकुल सिंह परमार ने किया एवं अंत में आभार प्रगट बृजेंद्र सिंह गुर्जर ने किया । श्रद्धांजलि सभा एवं फल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह भदोरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र नरवरिया, श्री कृष्ण कटारे, जंडेल सिंह भदौरिया, जगत सिंह यादव, भीष्म प्रताप सिंह भदोरिया, राजीव सिंह भदौरिया, दलवीर सिंह तोमर, प्रेम सिंह सखवार, जयवीर पुरोहित, दारा सिंह गुर्जर, निर्मल आर्य, गोकुल सिंह परमार, गजेंद्र सिंह गुर्जर, जय सिंह गुर्जर, गुलाव सिंह गुर्जर, हरिओम कटारे, अरविंद नरवरिया, टेक सिंह गुर्जर, अरविंद जैन, रणवीर परमार, दिनेश श्रीवास, प्रीतम सिंह नरवरिया, उज्वल कटारे, डॉ वेदप्रकाश शर्मा, राहुल कटारे, डॉ कुसलपाल सिंह गुर्जर, अशोक गुर्जर आदि उपस्थित थे।

# मृतक के परिजनों ने बॉडी सड़क पर रखकर लगाया जाम



**मेहगांव।** नेशनल हाइवे भिड ग्वालियर मार्ग पर बहुआ गांव पर लगाया जाम,

परिजन आरोपियों के नाम एफआईआर मे छूट जाने से थे आक्रोशित काफी देर बाद एसडीओ पी आरके राठौर व एसपी कमलेश कुमार खरपूसे के समझाने व आरोपियों के नाम बढाने की बात पर परिजनों ने जाम खोला। कल शाम 5 बजे बहुआ गांव मे गोली लगने से घायल हुऐ गांगाविष्णु शर्मा मेहगांव थाने मे हुई एफआईआर मे आरोपी रविशंकर, गिरजाशंकर पुत्रगण रामोतार डंडोतिया के नाम दर्ज किये और घायल गंगाविष्णु शर्मा को ग्वालियर रैफर कर दिया गया ग्वालियर इलाज के दौरान गंगाविष्णु की मौत हो गई। मौत की खबर गांव मे लगते ही परिजन आक्रोशित हो उठे, जैसे ही ऐम्बुलेंस डेडबाडी लेकर आई परिजनों ने हाइवे पर रखकर जाम लगा दिया। जाम काफी लंबा हो गया एसडीओ पी राठौर लगातार परिजनों को समझाते रहे, लेकिन परिजन टीआई तोमर की लापरवाही बताकर टीआई के प्रति आक्रोशित होकर एक ही बात पर अडे रहे कि एफआईआर मे गांगाविष्णु व्दारा बताऐ गये नाम नाम छोडकर दो नाम एफआईआर मे दर्ज किये गये। इसी बीच एसपी कमलेश कुमार खरपूसे ग्वालियर से भिड आते समय जाम देखकर मौके पर पहुच कर परिजनो को सांत्वना दी और उनके बताऐ हुऐ नाम जोडने की बात की जिससे परिजन शांत हुऐ और बाडी हटाकर जाम खोल दिया।

उसके बाद कही सडक पर आवागमन सुचारू रुप से संचालित हो सका। बयान में पुलिस ने ये नाम बढ़ाये संदीप शर्मा पुत्र रामोतार, कपिल पुत्र रवि शर्मा, शिवम पुत्र रवि शर्मा, रमन पुत्र गिरजाशंकर शर्मा। के नाम परिजनों व्दारा थाने पहुच कर पुलिस को लिखवाये, कल एफआईआर मे दो आरोपियों के अलावा चार नाम और जोडे गये।

# भिण्ड से महाराष्ट्र भेजा जा रहा था नकली मावा, ग्वालियर स्टेशन पर पकड़ा



**भिण्ड।** नजदीकी त्यौहार दीपावली को देखते हुए मिलावटखोर सक्रिय हो गये हैं। जैसे-जैसे त्यौहार नजदीक आ रहा है मिलावटखोरों द्वारा नकली कैमिकल युक्त मावा तैयार कर बाजार में खपाने की जद्दोजहद में है। इसी शुद्ध के लिए युद्ध योजना के तहत भिण्ड से बड़े पैमाने पर मिलावटी मावा तैयार होकर महाराष्ट्र जैसे बड़े शहर में खपाने के लिए जा रहा था। किन्तु मिलावटखोरों की योजना असफल हो गई और ग्वालियर के स्टेशन से फूड विभाग ने 665 किलो मीठा मावा पकड़ा। यह मावा भिंड के अटेर में तैयार हुआ है। समय रहते फूड विभाग को सूचना मिली। पार्सल ऑफिस पहुंचकर मावा को जब्त किया है। 19 कट्टों में यह माल भरा गया था। फूड विभाग की टीम को देखकर एक युवक बिल्टी के पर्चे वहीं फेंककर भाग गया है। अफसरों का स्पष्ट कहना है कि मावा में कमी होगी इसलिए उसके साथ जो युवक था वह भाग गया। 24 घंटे में मावा को कोई दावेदार नहीं आता है तो उसे नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।फूड ऑफीसर ने बताया कि चंबल के भिंड-मुरैना में सबसे ज्यादा नकली मावा तैयार किया जाता है और देश के कई राज्यों में यहां से सप्लाई होता है। अभी कुछ दिन पहले रेलवे स्टेशन से 4 लाख रुपए का नकली मावा पकड़ा था। उसके बाद फूड विभाग ने पार्सल सर्विस के अफसरों को अलर्ट किया था कि किसी भी हाल में यहां से मावा बाहर नहीं भेजा जाना चाहिए। पहले उसकी जांच की जाए। इसलिए मावा का पार्सल आते ही फूड विभाग को सूचना दी जाए। इसी कड़ी में शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन पर भिंड के अटेर से तैयार होकर 19 कट्टे में 665 किलो मावा नासिक महाराष्ट्र के लिए जाने के लिए आया था। सूचना मिलते ही डिप्टी कलेक्टर संजीव खेमरिया फूड विभाग के दस्ते के साथ स्टेशन पहुंचे। जब वह पार्सल ऑफिस पहुंचे तो मावा के साथ खड़ा एक युवक टीम को देखते हुए भाग गया। भागते समय बिल्टी के पर्चे वहीं छोड़ गया। फूड विभाग ने 665 किलो मावा को जब्त कर लिया है। जिसकी कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है।

### पटाखे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भिण्ड।** कोतवाली थाना क्षेत्र के भवानीपुरा में दो युवक अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री व पटाखे बिक्री कर रहे थे, जिसकी सूचना मुखबिर जरिए पुलिस को मिलते ही दलबल के साथ दबोचकर हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर 3.15 बजे इमरान खान, नूर महोब्बर खां निवासीगण भवानीपुरा जो घर से अवैध रूप से पटाखे बिक्री कर रहा था सूचना मिलते ही हिरासत में लिया और उसके पास से पटाखे जब्त किये।

### 22 क्वार्टर देशी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**भिण्ड।** मौ थाना क्षेत्र के सेवढ़ा रोड पर एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था जिसे मुखबिर की सूचना पर हिरासत में लिया और उसके पास से अवैध शराब की जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर 3 बजे रामकुमार शिवहरे निवासी शंकरपुरा जो सेवढ़ा रोड से अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया और उसके पास से 22 क्वार्टर देशी शराब, कीमत 2 हजार रुपये की जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### रंगीदारी के चलते युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के अटेर रोड चंदनपुरा में रंगदारी के चलते एक युवक के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# खाद की किल्लत बरकरार, महिलाएं पहुंची एसडीएम के दफ्तर



**भिण्ड।** जिले में खाद की किल्लत के लिए किसान परेशान थे। जिसके लिए किसानों द्वारा प्रतिदिन सड़कों पर जाम के हालात निर्मित किए जा रहे थे। लेकिन जब प्रशासन ने जाम लगाने वाले किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शुरू कर दिया तो अब वह मोर्चा महिलाओं ने ले लिया है। करवा चौथ के एक दिन पहले गांव की महिलाएं खाद के लिए लहार आई। यहां खाद न मिलने पर वे आक्रोशित हो उठी। एकजुट होकर महिलाएं एसडीएम कार्यालय पर पहुंची। यहां घेराव कर गेट बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने साफ तौर पर कहा कि खाद दीजिए तभी हटेंगे। महिलाओं का यह विरोध प्रदर्शन करीब 2 घंटे तक चला।

बेमौसम बारिश के बाद जिले में खाद की समस्या विकराल होती जा रही है। खाद को लेकर जिले के प्रशासनिक अफसर कन्नी काटने लगे हैं। शनिवार को लहार में खाद को लेकर विरोध-प्रदर्शन हुआ। इस बार विरोध प्रदर्शन में महिलाएं अग्रणी रही। वे करवा चौथ की तैयारी छो?कर लहार खाद लेने के लिए आई थी। जब उन्हें खाद नहीं मिला तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। एकजुट होकर महिलाएं सीधे एसडीएम कार्यालय पहुंची। पहले उन्होंने एसडीएम से मुलाकात करने के लिए गुहार लगाई। परंतु एसडीएम आरए प्रजापति बाहर नहीं आए। इसके बाद उन्होंने गेट का चैनल बंद कर दिया। वे गेट पर लॉक डालने जा रही थी, तभी सुरक्षा गार्ड ने गेट को खुलवाया। इसके बाद महिलाएं करीब दो घंटे तक कार्यालय के बाहर डंटी रही। इस दौरान पुरुष भी मौजूद रहे। परंतु उनकी समस्या का समाधान की अपेक्षा एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा कोरा आश्वासन दिया गया।

### इनका कहना है:

कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। कुछ महिलाएं आई थी, उन्हें समझा दिया गया है। रोज खाद बांटा जा रहा है, कोई समस्या नहीं है।

आरए प्रजापति एसडीएम लहार

# एन.ए.एस. परीक्षा की तैयारी हेतु संचालको /प्राचार्यो की खंड स्तरीय बैठक सम्पन्न

**भिण्ड।** शनिवार को जनपद शिक्षा केन्द्र लहार में एन.ए.एस. (राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे) 2021 की परीक्षा की तैयारियों हेतु विकासखंड स्तरीय बैठक, विकासखंड श्रोत समंबयक लहार शैलेन्द्र सिंह कुशवाह की उपस्थिति में सम्पन्न हुई जिसमें उपस्थित सभी अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयो के प्राचार्यो/ संचालकों को बताया गया कि दिनांक 12 नवम्बर 2021 को एन.ए.एस की परीक्षा आयोजित होना है जिसके अंतर्गत सैम्पल शाला का चयन होना है जिसमे सभी विद्यालयों के कक्षा 3,5 (हिन्दी, गणित, पर्यावरण)और कक्षा,8 (हिन्दी, गणित,विज्ञान और सामाजिक विज्ञान) के विषयों की छात्र/छात्राओ की परीक्षा आयोजित की जानी है, श्री कुशवाह द्वारा सभी को निर्देश दिये कि आप सभी अपने अपने विद्यालयों की फीस पोर्टल पर दर्ज करायें, एवं 100 प्रतिशत मैपिंग शीघ्र पूर्ण करें। बैठक में प्रमुख रूप से एन.ए.एस. ब्लॉक प्रभारी अखिलेश गुप्ता बी.ए.सी. अरविंद श्रीवास्तव, जानकी नंदन समाधिया, सरजीत सिंह, अनूप भदौरिया, आकाश दीक्षित सहित अशासकीय विद्यालयो के प्राचार्य एबम संचालक उपस्थित हुये।



# हम सब संकल्पित होकर तंबाकू नियंत्रण के लिए काम करेंगेः डॉ शुक्ला




**मुरैना।** मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएसन इंदौर द्वारा भोपाल में चबाने वाली तंबाकू एवं अन्य मुद्दों पर उन्मुखीकरण, परामर्श कार्यक्रम तथा वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले से मुरैना यूथ अकादमी संस्था के सचिव संदीप सेंगर प्रतिभागी के रूप में शामिल रहे। संदीप सेंगर द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक डॉ पंकज शुक्ला, मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी के उपनिदेशक विनीत कपूर, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ एस एस नैयर, सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंजीत सिंह, राज्य तंबाकू नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ दिलीप कुमार हडाऊ तथा मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक डॉ मुकेश सिन्हा व अन्य पदाधिकारी तथा मध्य प्रदेश की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ पंकज शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में तम्बाकू नियंत्रण अभियान जोर-शोर से चलाया जाएगा और हम सब संकल्पित होकर तम्बाकू नियंत्रण के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर विनीत कपूर ने कहा कि सामाजिक कानूनों को लागू करने में पुलिस के साथ समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है और हमें तम्बाकू नियंत्रण के लिए सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी, साथ ही पुलिस विभाग की नगर सुरक्षा समिति को तम्बाकू नियंत्रण में शामिल करना होगा। कार्यक्रम के दौरान डॉ एस एस नय्यर ने तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया तथा रंजीत सिंह ने चबाने वाली तम्बाकू को प्रतिबंधित करने के लिए भारत में प्रचलित कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और भारत के विभिन्न राज्यों द्वारा चबाने वाले तंबाकू प्रतिबंध के बारें में बताया। उन्होंने कहा की तम्बाकू आपदा को नियंत्रित करने के लिए हमें सबसे पहले चबाने वाले तम्बाकू और सुगन्धित तम्बाकू पर प्रतिबन्ध लगाना होगा साथ ही तम्बाकू उत्पादों की वेंडर लाइसेंसिंग सुनिश्चित करनी होगी जिससे तम्बाकू उत्पाद लाइसेंस के माध्यम से ही बेचे जाए साथ ही सुनिश्चित करना होगा की तम्बाकू उत्पादों की दुकानों पर अन्य सामान न बैचे जाये, कार्यक्रम में श्री मुकेश कुमार सिन्हा जी ने कहा कि मध्य प्रदेश पहला राज्य था जिसने वर्ष 2012 में गुटखा के निर्माण और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर निषेध और प्रतिबंध) विनियमन (एफएसएसए) के खंड 2.3.4 के अनुसार किसी भी खाद्य उत्पाद और खाद्य उत्पादों में सामग्री के रूप में तंबाकू और निकोटीन प्रतिबंधित है। इसके अलावा मैग्नीशियम कार्बोनेट जैसे पदार्थों का भी उपयोग खाद्य पदार्थों में प्रतिबंधित है। भारत में विभिन्न राज्यों ने एफएसएसए के खंड 2.3.4 के तहत चबाने वाले तम्बाकू पदार्थ जैसे गुटखा, जर्दा, खैनी, पानमसाला आदि को प्रतिबंधित किया गया है। मध्य प्रदेश में भी इसकी सख्त आवश्यकता है ताकि हम महिलाओं ,नाबालिगों एवं युवाओं को तम्बाकू आपदा से बचा सकें। कार्यक्रम में चबाने वाले तंबाकू की नीति को लेकर विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा कहा गया कि मध्यप्रदेश को चाहिए कि सभी प्रकार के चबाने वाले तम्बाकू, सुगन्धित तम्बाकू, सुगन्धित सुपारी आदि उत्पादों को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

# निःशुल्क डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोष्ट बनाने का प्रशिक्षण संपन्न



**मुरैना।** सेन्ट ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मुरैना द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बेरोजगार महिला और पुरूषों को 10 दिवसीय निःशुल्क डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोष्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था, जिसका समापन गुरूवार को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन पशुपालन विभाग के उपसंचालक रामकुमार त्यागी ने किया। उपसंचालक त्यागी ने समस्त प्रशिक्षणार्थियों को पशुपालन से संबंधित बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपना स्वयं का व्यवसाय पूर्ण मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से करने को कहा गया। जिससे महिला एवं पुरूष प्रशिक्षण पश्चात् स्वयं स्वावलम्बी होकर स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर हो सके। प्रशिक्षण में कुल 35 पुरूष एवं महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो मुरैना जिले के विभिन्न ग्रामों से थे। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक एन.के. मंगल, निदेशक आरपी गर्ग, फैकल्टी रियाज खान, सहायक जे.एस. प्रजापति मौजूद थे।

## छात्र के लिए शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ रखना आवश्यक होता हैः मनोज तोमर



**मुरैना।** नगर के सरोजनी विद्यालय में मेधावी छात्र/छात्राओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उद्बोधन देते हुए क्रीडाभारती के प्रांतीय सहमंत्री मनोज तोमर ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र के लिए शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ रखना आवश्यक होता है। उन्होंने राष्ट्र सेवा को शिक्षा के ध्येय के रुप में प्रतिपादित किया। प्राचार्या डॉ. क्षमा कौशिक ने शिक्षा के साथ-साथ अच्छे आचरण व अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सरोजनी विद्यालय के संचालक मणीन्द्र कौशिक एवं शिक्षक सूर्यप्रकाश सिंह तोमर ने छात्रों को अनेकों उपयोगी बातें बताई। इस अवसर पर छात्र आर्यन जैन एवं छात्रा मोनिका कटारे को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूजा सिकरवार, सोमेश पाराशर, संतोष सिकरवार, रागिनी परमार, विकास शर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# कोरोना काल में वालेंटियर्स ने जो काम किया, वह अमूल्य हैः सिसोदिया



**कैलारस।** सेवा ही जन अभियान परिषद का आधार है। जब भी चुनौती मिली, तब सेवा के लिए परिषद ने मेहनत की है। परिषद की नवांकुर संस्थाओं व ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्यों व प्रतिनिधियों के द्वारा कोरोना काल में वालेंटीयर्स के रूप में स्वयं को सुरक्षित करते हुए जो काम किया वह अमूल्य है। यह बात योजना आर्थिकी एवं सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन जन अभियान परिषद ब्लॉक पहाड़गढ़ के तत्वाधान में इन्द्रप्रस्थ कॉलेज कैलारस में आयोजित कोरोना वोलेंटियर्स के सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद के जन अभियान परिषद के चंबल संभाग समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया ने व्यक्त किए, जिसमें संभाग समन्वयक ने स्वयं सेवकों की कोरोना काल के कार्यों सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों में परिषद के साथ मिलकर किए गए कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक सतीश तोमर ने भी स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया और बताया कि परिषद को मध्यप्रदेश शासन द्वारा एकल विंडो एजेंसी के रूप में अधिकृत कर दिया है। अब किसी भी स्वयं सेवी संस्था को अलग अलग विभाग में पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं है। जन अभियान परिषद में पंजीयन हो जाने के बाद उसे किसी भी विभाग से काम मिल सकेगा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी उदय सिंह धाकड़ द्वारा किया गया।

# एंबुलेंस से पुलिस ने 8 पेटी पकड़ी शराब



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने शनिवार की सुबह धौलपुर की ओर से एक एंबुलेंस में भरकर लाई जा रही अवैध शराब को जप्त कर लिया है, जबकि उसका चालक फरार हो गया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि धौलपुर की ओर से एक एंबुलेंस में अवैध शराब भरकर मुरैना की ओर लाई जा रही है, सूचना पर पुलिस ने आरटीओ बैरियर के पास एबी रोड पर चेकिंग पॉइंट लगाया, तभी एक एंबुलेंस आती दिखाई दी और चालक पुलिस को देखकर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। तलाशी लेने पर कार के अंदर से 5 पेटी काउंटी क्लब एवं 3 पेटी विंटेज बोधिका शराब बरामद की, जिसकी कीमत 90 हजार रुपए बताई गई है, साथ ही एंबुलेंस कार कीमती 4 लाख रुपए को जप्त किया गया है।

## पहाडगढ़ में आयोजित रोजगार मेले में 28 युवकों को हुआ चयन

**मुरैना।** विकासखंड पहाडगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना के मार्गदर्शन में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पहाडगढ़. के नेतृत्व में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में एसआईएएस सिक्योरिटी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, डीडी यूजीवाईके, आरसेटी आदि कंपनियों ने रोजगार मेले में उपस्थित युवाओं के साक्षात्कार लेकर चयन किया। रोजगार मेले में कुल 78 युवाओं ने पंजीयन कराया, जिसमें से 28 युवाओं का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। रोजगार मेले जिला प्रबंधक धर्मेंद्र करोरिया, वाईपी जगदीश, ब्लॉक प्रबंधक जगदीश किरार, सहायक विकासखंड प्रबंधक किशोरीलाल, सीआरपी मनीषा कुशवाह और रेखा धाकड़ एवं कार्यालय सहायक धर्मेन्द्र उपस्थित थे।

# दिव्यांग परीक्षण शिविर में एक सैकड़ा से अधिक बच्चों की हुई जांच

## आचार्य आनंद टीम ने परीक्षण दल के चिकित्सकों और दिव्यांग बच्चों का किया सम्मान



**अम्बाह।** शासन की मंशा अनुरूप बीआरसी कार्यालय पर दिव्यांग बच्चों के लिये मेडिकल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एक सैकड़ा से अधिक स्कूली बच्चों का परीक्षण किया गया। शिविर में आचार्य आनंद टीम की ओर से समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य और क्रीड़ा भारती के प्रांतीय दिव्यांग प्रमुख अरविंद मावई और आनंद बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर एवं महेंद्र सखवार ने दिव्यांग बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु लंच बॉक्स वितरित किए। इस अवसर पर जांचकर्ता चिकित्सक दल और उनकी टीम का भी शॉल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया। यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक बीआरसी कार्यालय में बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर की देखरेख में संपन्न किया गया। इस शिविर में सभी विद्यालयों के 6 से 14 वर्ष तक के दिव्यांग छात्र सम्मिलित हुए जिनका शिविर के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगों के लिये आवश्यकता वाले अंगों की सूची भी बनाई गई। शिविर परीक्षण के दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डीएस यादब, ईएनटी विशेषज्ञ जीएस तोमर,, नेत्र रोग विशेषज्ञ संध्या गोयल सहित मनोचिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा परीक्षण किया गया। इस मौके पर बच्चों के दिव्यांग प्रमाणपत्र भी बनाये गए।

## अंकिता, स्नेहा, नेहा व करिश्मा का राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए चयन

**मुरैना।** मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मुरैना जिले से जय योगा स्पोर्ट्स क्लासेस के बच्चों ने भाग लिया था, उक्त राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता में अनेकों प्रतियागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें मुरैना की अंकिता प्रजापति, स्नेहा राजपूत, नेहा यादव, करिश्मा जोनवार का चयन राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मुरैना की इन चार बालिकाओं के चयनित होने पर योग कोच जय किशन शर्मा, मुरैना योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा सोनी एवं योग समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्यों एवं योग खिलाड़ियों ने उन्हें बधाइयां दी है।

# सुहागिनों का महापर्व आज, जमकर हुई खरीददारी





## मंहगाई के बावजूद बाजारों में रौनक, दुकानदारों के चेहरे खुले

**मुरैना।** भारतीय सभ्यता का प्रतीक एवं सुहागिन नारियों का महापर्व करवाचौथ का व्रत आज रविवार को देश भर के साथ मुरैना जिले में भी हर्षोल्लास एवं श्रृद्धा के साथ मनाया जायेगा। करवाचौथ की तैयारियों की रौनक बाजारों में भी शनिवार को देखने को मिली और प्रत्येक सेक्टर में महिलाऐं खरीददारी करती नजर आयीं। दुकानों पर खरीददारी के लिए उमडी भीड़ देखकर दुकानदार भी खुश नजर आये। महंगाई का दंश भी भारतीय नारियों के महापर्व करवाचौथ को प्रभावित नहीं कर सका और तमाम महंगाई के बावजूद बाजार शनिवार को खूब चला और देर शाम तक दुकानों पर खरीददारों की भीड दिखाई दी। करवाचौथ का पर्व वर्ष में एक वार आता है और इस दिन सुहागिन महिलाऐं पूरे दिन निर्जला व्रत रखती है शाम को महिलाऐं शादी के जोडे एवं नई-नई साडियों में सजधज कर करवाचौथ का पूजन करती है और चन्द्रमा को अर्ग देकर पति की पूजा अर्चना कर पति के हाथ से जल पीकर अपना व्रत तोड़ती है। करवाचौथ का पर्व देश की प्रत्येक सुहागिन महिला मनाती है और अपने पति की दीर्घायु की कामना करती है। करवाचौथ व्रत को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला तथा बाजार में प्रत्येक सेक्टर में खरीददारी के लिए महिलाओं की भीड़ नजर आयी। सबसे ज्यादा भीड़ साड़ी सेटरों, श्रंगार सेंटरों, आर्ट ज्वैलरी एवं रंगविरंगी चूडियों की दुकानों आदि में देखने को मिली।

# हरिओम यादव को मिलेगाा अब नि :शुल्क खाद्यान्न



**मुरैना।** जौरा खुर्द तहसील मुरैना निवासी हरिओम यादव को अब 16 किलो गेहूं और 4 किलो चावल निःशुल्क दिया जायेगा। यह खाद्यान्न हरिओम को प्रतिमाह सरकार देगी। यहां बता दें कि हरिओम यादव के पिता स्व. अमृतलाल यादव की मृत्यु कोविड काल में हो गई थी। ऐसे अनाथ बालक,बालिकाओं के लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कोविड-19 कल्याण योजना शुरू की है। इस नावालिग बालक के घर में इनके उत्तराधिकारी रामकृष्ण सहित 4 सदस्य है। नावालिग हरिओम ने खुशी व्यक्त करते हुये बताया कि अब हमारे परिवार को 16 किलो गेहूं और 4 किलो चावल प्रतिमाह निःशुल्क मिलेगा। मेरे परिवार को भोजन की चिंता नहीं है, सरकार ने हम गरीबों को खाद्यान्न की व्यवस्था कर दी है। 18 अक्टूबर को अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव ने हरिओम का निःशुल्क खाद्यान्न की पर्ची भेंट की, जिसका खाद्यान्न निःशुल्क हरिओम अपनी उचित मूल्य दुकान से प्राप्त कर चुका है। जिला आपूर्ति अधिकारी बीएस तोमर ने बताया कि मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के अन्तर्गत कुल 5 पात्रता पर्ची जारी की गई है। जिसमें कुल 11 अनाथ बालक, बालिकायें शामिल है, उन्हीं में हरिओम शामिल है। इन्हीं में अनाथ आशीष को भी निःशुल्क 5 किलो गेहूं और चावल उपलब्ध कराया गया है, इसके परिवार में मात्र एक सदस्य है।

**वन-टू-वन**

## सजना है मुझे सजना के लिए



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** जल बिहार में आयोजित किया गया जिस में एयर फोर्स की महिलाओं ने शहर की महिलाओं एवम क्लब की महिलाओं के साथ करवा चौथ उत्सव मनाया सभी ने गेम संगीत के साथ साथ अमर सुहाग के लिए दीप प्रज्जवलित किए

**करवा क्वीन सीमा सिंह रही**

**मुख्य अथिति माया सिंह जी**

स्टार ऑफ दा इवनिंग एयर फोर्स प्रेसिडेंट श्रीमती मालविका गोड और समीक्षा गुप्ता जी, संस्थापक अध्यक्ष साधना शांडिल्या अध्यक्ष पलक चौहान सचिव आकांक्षा अग्रवाल सचिव स्वाति झा पूर्व अध्यक्ष सपना गोयल रुचि गोयल शिखा गोयल।

## राजस्थानी प्रवासी वारियर्स का हुआ सम्मान



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**बेंगलूर** =अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पी भास्कर राव ने राजस्थानी प्रवासी कोरोना वारियर्स भाइयों जिन्होंने 2020 की पहली लहर व 2021 इस वर्ष जन कल्याण और जन जन तक आहार वितरण व जनसेवा मे बहुमुल्य योगदान दिया उन प्रवासी उत्तर भारतीयों को सीरवी समाज बैंगलोर पश्चिम् सुकंदकट्टे बडेर भवन मे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस उपलक्ष मे स्थानीय कर्नाटक रक्षणा वेदिका के लोकेश गव?ा,राजेश पारिक, व अग्रहार दासरहल्ली व्यापार संघ अध्यक्ष रमेश चावत लग्गेरे बडेर के अध्यक्ष ,सचिव व पदाधिकारी,महालक्ष्मी लेउट के सचिव ,समाजसेवी शिव शर्मा व सुकंदकट्टे समाज से संरक्षक वेनाराम बर्फा,इन्द्र लाल सोलंकी, अध्यक्ष रुगाराम चोयल,उपाध्यक्ष लक्ष्मण पंवार, कोषाध्यक्ष घीसाराम सोंलकी, रतनाराम पंवार,सहसचिव भँवरलाल गेहलोत, और कमेटी सदस्य और समाज के बुजुर्ग व महिलाऐ मुडलपालिया व्यापार संघ के गोपाल शर्मा व राजस्थान गौसेवा सत्संग मंडल के भानाराम गेहलोत व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ए.डी.जी भास्कर राव का ढोल व थाली वाद्य द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया व आई माताजी का आर्शिवाद प्राप्त कर सभा को संबोधित किया प्रवासी बंधु गणों को सहयोग का आश्वासन दिया व खाने की व्यवस्था रखी गई ।जानकारी भानाराम गेहलोत द्वारा दी गई।

## सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर करेंगे जन आंदोलन:गुड्डू वाल्मीकि'



***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

गोहद। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेवर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने गोहद प्रवास पर नगरपालिका परिषद गोहद में अगस्त के महीने में हटाए गए 46 सफाई कर्मचारीयों को पुनः कार्य पर रखने के लिए सीएमओ सतीश कुमार दुबे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एडवोकेट वाल्मीकि ने बताया है कि नगरपालिका परिषद गोहद में अगस्त के महीने में लगभग 46 सफाई कर्मचारीयों को बिना किसी कारण के हटा दिया गया था जिससे गरीब कर्मचारीयो के परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है इस सम्बन्ध में यूनियन द्वारा नगरपालिका परिषद गोहद सीएमओ, एसडीएम एवं प्रशासक तथा जिला प्रशासन को अवगत कराया गया था लेकिन आज दिनांक तक हटाए गए सफाई कर्मचारीयों को पुनः कार्य पर रखने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे सफाई कर्मचारीयों में रोष व्याप्त है इसके अलावा नगरपालिका परिषद गोहद में वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर सफाई कर्मचारीयों को पदोन्नति नही दी गयी और न ही अस्थाई दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायीकर्मी योजना के तहत विनियमितिकरण किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुडडू संजय वाल्मीकि ने कहां है कि सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का शीघ्र निराकरण नही किया गया तो सफाई कर्मचारी एवं यूनियन द्वारा जन आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर रवि, राहुल, रेखा, सरोज, करन , सुनील आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पहुंचे दतिया भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया से की मुलाकात

**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सेवड़ा श्यामू ठाकुर आज दतिया भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया के निवास पर पहुंचे और उन्होंने वहां भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया से मुलाकात की एवं संकुआ धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसंबर को अटल सेवा दिवस मनाए जाने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित किया जिस पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया ने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्यामू ठाकुर को आश्वासन दिया।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष बने गोपाल सिंह तोमर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर एवम पार्षद गुड्डू तोमर ने दिलाई शपथ दिलाई।





**अमित शर्मा**

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में क्षत्रिय समाज के गौरव आदरणीय राजेंद्र सिंह तोमर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री आदरणीय प्रशांत सिंह परमार जी, वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद धर्मेंद्र सिंह तोमर गुड्डू भैया, एवं क्षत्रिय समाज के समस्त साथियों सहित उपस्थित मातृशक्ति ने मुझे पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने प्यार एवं आशीर्वाद सहित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मेरे उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

आज मेरे शपथ ग्रहण समारोह मैं उपस्थित आप सभी क्षत्रिय समाज के गौरव एवं सभी पदाधिकारियों सहित उपस्थित सभी क्षत्रिय समाज के सम्मानित साथियों एवं मेरे मित्रों एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट महिला विंग की सभी मातृशक्ति को बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार

शपथ ग्रहण के उपरांत अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह तोमर जी ने क्षत्रिय समाज को अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षत्रिय समाज के लोगों को यह समझाना होगा कि क्षत्रिय एक जाति नहीं धर्म है

हर जाति हर धर्म के लोगों का सम्मान करते हुए उनके आत्मसम्मान की रक्षा करना, देश के आत्मसम्मान की रक्षा करना ही क्षत्रियों का धर्म है।

अपने उद्बोधन में आगे प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह तोमर ने कहा कि मेरी दूसरी प्राथमिकता क्षत्रिय समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करते हुए समाज को संगठित कर खोए हुए मुकाम को पाना यह मेरी दूसरी प्राथमिकता है क्षत्रिय समाज में व्याप्त कुरीतियां जैसे दहेज प्रथा पर अंकुश लगाना, गंग भोज पर एक सीमित दायरा निर्धारित करवाना, क्षत्रिय समाज को अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए जागृत करना, क्षत्रिय समाज के सभी बुजुर्ग अपनी युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाएं उन्हें क्षत्रियों का इतिहास क्षत्रिय महापुरुषों का इतिहास पढ़ाएं, क्षत्रिय समाज में विधवा विवाह पर एक बार पुनः सोचने की आवश्यकता है उन बेटियों के बारे में सोचना जरूरी है जिनके सामने एक लंबा जीवन होता है क्योंकि बेटी के विधवा होने में बेटी के स्वयं का कोई योगदान नहीं होता अतः उसे इतनी कठोर सजा ना मिले इसके लिए क्षत्रिय समाज को जागृत करना

क्षत्रिय समाज के अनेकों संगठन को एक मंच पर लाकर आपसी तालमेल बिठाते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने की बात पर जोर दिया।

# समाजसेवी पूर्व प्राचार्य गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ अस्पताल में हुआ फल वितरण।



**संतोष सिंह भदौरिया**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** नगर के जाने-माने समाजसेवी पूर्व प्राचार्य एवं ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद सिंह गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर स्थानीय पटेल महाविद्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय राजनेता समाजसेवी एवं पत्रकार शामिल हुये श्रद्धांजलि सभा के प्रारम्भ में सभी लोगों ने स्वर्गीय गुर्जर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये इसके बाद सभी वक्ताओं ने समाजसेवी गुर्जर के जीवन मे विस्तार पर प्रकाश डालते हुये कहा कि बो एक महान कर्मयोगी थे टीकरी जैसे बेह? के गांव से गोरमी आकर उन्होंने अपनी क?ी मेहनत से शिक्षा एबम समाज सेवा के माध्यम से नगर में अपना विशेष स्थान बनाया इसके बाद राजनीति में आकर भी उन्होंने अपनी अलग छाप छो?ी जो हम सब लोगो के लिये आज भी एक प्रेरणा है एवं हम सब लोग उनके बताए मार्ग पर चलकर राजनीति एवं समाज सेवा में असहाय एबम गरीवी की मदद कर उन को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे श्रद्धांजलि सभा के उपरांत स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन गोकुल सिंह परमार ने किया एवं अंत में आभार प्रगट बृजेंद्र सिंह गुर्जर ने किया । श्रद्धांजलि सभा एवं फल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य राहुल सिंह भदोरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र नरवरिया श्री कृष्ण कटारे जंडेल सिंह भदौरिया जगत सिंह यादव भीष्म प्रताप सिंह भदोरिया राजीव सिंह भदौरिया दलवीर सिंह तोमर प्रेम सिंह सखवार जयवीर पुरोहित दारा सिंह गुर्जर निर्मल आर्य शामिल थे।

# पुलिस लाइन में शहीद प्रदर्शनी का छात्रों ने किया अवलोकन



**नीरज त्रिपाठी**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**शहीदों पर कार्यक्रमों से लोगो में देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना पैदा होती है- आर आई रजनी गुर्जर***

***छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण में अभी से जुट जाएं - प्राचार्य चौहान***

**भिण्ड(ब्यूरो)।** डीआरपी पुलिस लाइन मुख्यालय पर रक्षित आरक्षी केंद्र में शहीदों की स्मृति में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन रक्षित निरीक्षक रजनी सिंह गुर्जर के निर्देशन और मार्गदर्शन में उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 भिंड के छात्रों ने किया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि किस तरह कर्तव्यारूढ रहकर शहीदों ने अपने देश की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।अपने व्यक्तिगत जीवन,घर और परिवार की परवाह किए बिना राष्ट्र के लिए शहीद हो गए। आर आई गुर्जर ने प्रदर्शनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से शहीदों की जीवनी पढ़ने से लोगो में देश के प्रति एकता अखंडता और राष्ट्रीयता की भावना जागृत होती है, लोग कर्तव्यनिष्ठा के साथ अनुशासित रहना सीखते है। रजनी मैडम और सूबेदार आदित्य मिश्रा ने छात्रों को पुलिस के उपयोग में आने वाले आर्म्स, वेपन्स, इम्यूनेशन और उपकरणों के बारे में भी विस्तार से बताया।



## विश्व पंच पोलियो पोस्टर का हुआ विमोचन

**पुष्पाजंली टुडे**

**मंड्या–** रोटरी क्लब बन्नूर की ओर से बन्नूर गांव में स्थित रोटरी स्कूल में शुक्रवार रात को बैठक रखी। बैठक में क्लब के अध्यक्ष वासुदेव ने बताया कि क्लब की ओर से 24 अक्टूबर 2021 रविवार को पल्स पोलियो जागरूक बाइक रैली निकाली जाएगी।दिसंबर माह में क्लब की और से बन्नूर गांव में पल्स पोलियो शिविर रखा जाएगा। क्लब के पूर्व अध्यक्ष व प्लस पोलियो चेयरमैन महेन्द्र सिंह राजपुरोहित को बाइक रैली व प्लस पोलियो शिविर की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर क्लब की और प्लस पोलियो पोस्टर का विमोचन किया गया।

# करवाचौथ पर बाजारों में खरीददारी करने उमड़ा जन सैलाब।

**महिलाएं बच कर करें खरीदारी चोर सक्रिय।**

**उमाकान्त शर्मा भिण्ड**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे।**

**9826224963**



**भिण्ड।** करवाचौथ के त्यौहार पर आजकल बाजार में काफी भी? देखने को मिल रही है आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग खरीदारी करने बा?ारों में आ रहे है।एक तरफ तो नगर पालिका और जिला प्रशासन आम जन को परेसानी में डाल रहा है जब कि गोल मार्कीट से लेकर सदर बाजार से परेड चौराहे तक काफी बार कार्य कराकर हर अधिकारी राजनेताओ के द्वारा बाह बाही लूट ली जाती है,लेकिन धरातल पर कोई भी कार्य कुशलता पूर्वक देखने मे नही आता है ।सदर बाजार और गोल मार्कीट के बीच मे बने डिवाइडरों से रास्ता तो सुकडा ही था ऐसे में हाथ के ठेलों को होकर्ष जॉन में स्थापित न करा पाना भी नगर पालिका जिला प्रसासन को नाकामयाबी हासिल हुई है इसी कारण बाजारों में चोरों के बारे न्यारे हो रहे है और आम पब्लिक परेसान हो रही है ,कुसुम बाई कॉलेज के पीछे नेहरू बाल बॉडी गली में पैदल के लिए रास्ता नहीं है और मोटर साईकिल सवार बाजारों में फर्राटे भरते नजर आ रहे है जिस कारण आयेदिन विवाद आम लोगो से महिलाओ से होता है ,ऐसे में बाजार के अंदर करवा चौथ की भी? हो रही है और शहर कोतवाली की पुलिस बाजारों में तैनात है फिर भी चोरों के होशले बुलंद हैं और जेबकतरे सरेराह किसान भाइयों की जेब पर डाका डाल रहे है ।ग्रामीण अंचल की महिलाओं को व्यापारी भी गुमराह कर रहे हैं सामान कुछ दिखा रहे है और पेकिंग कुछ कर रहे है। बाजार में सामान खरीदने आई महिला का पर्स चोरी हो गया।जब महिला ने सामान देखा तो उसमें से पर्स चोरी हो चुका था।जिसकी शिकायत महिला ने वहाँ पर ख? पुलिस के जवानों से की।पुलिस एक्शन मो? में आकर जेबकतरों की तलाश में जुट गई।तथा आम पब्लिक को एक और समस्या का सामना करना प? रहा है।

# म्रतक के परिजनो ने बाडी सडक पर रखकर लगाया जाम ,

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**मेहगांव** = नेशनल हाइवे भिड ग्वालियर मार्ग पर बहुआ गांव पर लगाया जाम, परिजन आरोपियों के नाम एफआईआर मे छूट जाने से थे आक्रोशित काफी देर बाद एसडीओ पी आरके राठौर जाम की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार रंजीत कुशवाहा मौके पर पहुंचे और परिजनों को बार बार समझाने पर परिजनों ने एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपूसे के समझाने व आरोपियों के नाम बढाने की बात पर परिजनों ने खोला जाम,

कल शाम 5 बजे बहुआ गांव मे गोली लगने से घायल हुऐ गांगाविष्णु शर्मा मेहगांव थाने मे हुई एफआईआर मे आरोपी रविशंकर, गिरजाशंकर पुत्रगण रामोतार डंडोतिया के नाम दर्ज किये और घायल गंगाविष्णु शर्मा को ग्वालियर रैफर कर दिया गया ग्वालियर इलाज के दौरान गंगाविष्णु की मौत हो गई,





मौत की खबर गांव मे लगते ही परिजन आक्रोशित हो उठे ,

जैसे ही ऐम्बुलेंस डेडबाडी लेकर आई परिजनों ने हाइवे पर रखकर जाम लगा दिया,

जाम काफी लंबा हो गया एसडीओ पी राठौर लगातार परिजनों को समझाते रहै ,

लेकिन परिजन टीआई तोमर की लापरवाही बताकर टीआई के प्रति आक्रोशित होकर एक ही बात पर अडे रहे कि एफआईआर मे गांगाविष्णु व्दारा बताऐ गये नाम नाम छोडकर दो नाम एफआईआर मे दर्ज किये गये, इसी बीच एडिशनल एसपी कमलेश कुमार खरपूसे ग्वालियर से भिड आते समय जाम देखकर मौके पर पहुच कर परिजनो को सांत्वना दी और उनके बताऐ हुऐ नाम जोडने की बात की जिससे परिजन शांत हुऐ और बाडी हटाकर जाम खोल दिया ,

उसके बाद कही सडक पर आवागमन सुचारू रुप से संचालित हो सका।

बयान में पुलिस ने ये नाम ब?ाये संदीप शर्मा पुत्र रामोतार ,कपिल पुत्र रवि शर्मा, शिवम पुत्र रवि शर्मा, रमन पुत्र गिरजाशंकर शर्मा। के नाम परिजनों व्दारा थाने पहुच कर पुलिस को लिखवाये।

# 4 माह बीत जाने के बाद खुला रूर सरकार मन्दिर की चोरी का राज

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**लहार ।** पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज कुमार सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी अवनीश बंसल लहार में मार्गदर्शन में दबोह क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर रूर सरकार की चोरी का खुलासा किया गया।यहां बता दें की दबोह क्षेत्र के रूर सरकार पर बीते माह 12 जून 2021 को चोरी हुई थी।जिसमे पुजारी के बताए अनुसार हनुमान जी का चांदी का मुकुट,छत्र,मन्दिर के तीन घण्टे,भगवान के गहनो के साथ बैटरी व दानपात्र चोरी हुए थे।जिसके चलते लहार में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में चोरी का खुलासा हुआ।पुलिस अधिकारी के वरिष्ठ मार्गदर्शन में थाना रावतपुरा के ग्राम बड़ा कैमरा,नरोल थाना थाना दबोह के रूर सरकार मंदिर एवं इसके अतिरिक्त अन्य थानाओं में की गई चोरी की वारदातों में लिप्त तीन आरोपी गण निवासी मेहगाँव एवं भिण्ड को पुलिस ने गिरफ्तार किया।पक? गए आरोपियों के कब्जे से उनके द्वारा चोरी किए गए

मंदिर के घण्टे,सोने एवं चांदी के जेवरातो सहित साढ़े चार लाख

रूपए कीमती सामान एवं मोबाईल फोन तथा चोरी में प्रयुक्त किए

जाने वाले औजारों को जप्त कर पुलिस ने सफलता प्राप्त की।

134 दिन बाद पुलिस कर पाई मन्दिर की चोरी का खुलासा

यहां बताना मुनासिब होगा कि रूर सरकार मन्दिर पर हुई चोरी को पुलिस 134 दिन बाद ट्रेस कर पाई।मन्दिर की चोरी होने के उपरांत पूर्व में कॉग्रेस नेता हाकिम सिंह चौधरी ने क्षेत्र में ब? रही चोरी की घटनाओ को लेकर स्थानीय थाना पुलिस दबोह पर निशाना साधा था और धरना प्रदर्शन करने की बात भी कही थी।फिलहाल तो यह खुशी की बात है कि पुलिस ने मन्दिर की चोरी करने वालो को ट्रेस



कर गिरफ्तार कर लिया परन्तु सवाल यह उठता है कि क्या नगर में लगातार जो चोरियां हुई हैं क्या पुलिस उनको भी जल्द से जल्द ट्रेस करेगी..?

इनकी रही अहम भूमिका

इस सफलता में भिण्ड सायबर सेल,थाना दबोह,थाना रावतपुरा,थाना अमायन तथा एसडीओपी कार्यालय लहार में लगे कर्मचारी गणों की विशेष भूमिका रही।

हनुमान मंदिर रूर सरकार की मन्दिर की चोरी का यह था पूरा मामला

11-12 जून 2021 की रात दबोह नगर व क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर रूर सरकार पर चोरो ने चोरी को अंजाम दिया था और मन्दिर से हनुमान जी का चांदी का मुकुट,छत्र,मन्दिर के तीन घण्टे जिनका बजन करीब एक कुंटल बताया जा रहा के साथ साथ कमरे में रखे राम दरबार के गहने,प्रसाद के लिए रखी किसमिस,मिठाई,अखण्ड ज्योति जलाने के लिए रखा पाँच किलो घी पुजारी के दो जो? कुर्ता-पाजामा और हायरवेस्टर की दो बैटरी सहित दानपत्र भी ले गए थे।परन्तु मन्दिर का दानपत्र मन्दिर के पास ही एक खेत मे प?ा मिला था।पुजारी के अनुसार चोर लगभग एक लाख से अधिक रुपयों के सामान पर हाथ साफ कर गए।पुजारी के अनुसार यह घटना रात दो से तीन बजे के बीच की बताई जा रही हैं उस समय मन्दिर पर पुजारी रामेश्वर दादा के अलावा दो अन्य लोग भी लेटे हुए थे चोरो की संख्या आठ दस बताई जा रही हैं जो एक ?ॅर व्हीलर में आये थे।

यहां बता दें कि इसके पूर्व भी चोरो ने दबोह थाने से मात्र 10 कदम की दूरी पर माँ छिन्नमस्ता देवी मंदिर तथा बार्ड न 15 कुरचानियां मोहल्ला में स्थित हनुमान जी के मन्दिरो में भी चोरो का गिरोह चोरी कर दानपत्र ले गए थे दोनों मन्दिरो की दानपत्र मन्दिर से कुछ दूरी पर डले हुए मिले थे तथा बीते रोज चोरो ने गल्ले की दुकानों व किराने की दुकानों को भी अपना निशाना बनाया था पर दबोह पुलिस ने सभी चोरियों के आवेदन तो ले लिए थे पर आज तक एक भी चोरी का पता नही लगा पाई बस आवेदन लेकर अपनी कार्यवाही की इति श्री कर लेती है।और नगर में हुई दर्जनों चोरियों में से एक भी चोरी का पर्दाफास नही कर पाई है चोरो ने नगर के ऐतिहासिक मन्दिर से चोरी करके दबोह पुलिस को खुली चुनोती दे दी थी।

मन्दिर की चोरी को लेकर कॉग्रेस ने दी थी दबोह पुलिस को खुली चेतावनी

हनुमान मंदिर रूर सरकार पर चोरी होने के बाद ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं हनुमान मंदिर से आस्था रखने बाले चौधरी हाकिम सिंह ने लगातार क्षेत्र में ब? रही चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय थाना पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा था कि नगर में मंदिरों में हुई चोरियो की वारदातो को अभी भुला भी नही पाए थे आज फिर एक ऐतिहासिक रूर सिद्ध मंदिर से लाखों रुपये की चोरी हुई है पहले भी इस मंदिर से दानपत्र चोरी हुआ था और बीते वर्ष एक पुजारी की भी हत्या हुई थी।अगर पुलिस ने 15 दिन के अंदर इस चोरी का खुलासा नही हुआ तो कॉग्रेस कमेटी का ब्लॉक अध्यक्ष होने के नाते शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन करूँगा क्यो कि इस मामले में पुलिस प्रशासन दोषी है।

## वन-टू-वन

### कोरोना वैक्सीनेशन में कार्यरत कर्मचारियों का हुआ सम्मान

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

लहार भारतीय जनता पार्टी मण्डल लहार जिला भिंड मध्य प्रदेश द्वारा कोबिड 19 का टीकाकरण अभियान की सफलता में महती भूमिका निभाने बाले



कार्यरत अधिकारी, डॉ, स्टाफ नर्स, नर्स,, सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया।भाजपा मंडल लहार द्वारा इनका सम्मान करके कोबिड 19 का टीका 100 करोड़ लोगो को लगाए जाने के उपलक्ष्य में माननीय श्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद् प्रेषित किया गया।इस सम्मान समारोह में डॉ शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय बी एम ओ, लहार नागेन्द्र सिंह राजावत,बी पी एम अशोक कुमार राठौर,जी शी एम चंद्रप्रभा दुबे ए एन एम शैलेंद्र शर्मा मलेरिया वर्कर,पुष्पेन्द्र सिंह ओ ए,राम बहादुर सिंह रेडियो ग्राफर,महेश कुशवाह,संजीव बल्मीक आदि पदाधिकारी कर्मचारियों का स्वागत सम्मान किया गया।इस सम्मान समारोह में जबर सिंह कुशवाह भाजपा मण्डल अध्यक्ष लहार,अतीश कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष, अखलेश सिंह कुशवाह मण्डल मंत्री आदि ने स्वागत सम्मान किया।

### किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस की प्रेसबार्ता सम्पन्न।

**उमाकान्त शर्मा भिण्ड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** कांग्रेस किसानों की समस्याओं को



लेकर भिण्ड विधानसभा के ग्रामों में किसान सम्मेलन कर रही है उक्त सम्मेलन को लहार विधायक डॉ गोबिंद सिंह जी संबोधित करेंगे इसी को लेकर डॉ राधेश्याम शर्मा जी अध्यक्ष शहर कांग्रेस ने प्रेस वार्ता संबोधित की। जिसमें बिजली कटौती बा?ग्रस्त किसानों को मुआबजा में धांधली, काले कृषि कानून और डीएपी खाद की कमी के चलते सरकार पर निशाना साधा।

# कांग्रेसनेताओं का आक्रमक रूप भाजपा नेताओं की टोली को बताया ठगों की टोली

**बुरहानपुर।** चुनावप्रचार के अंतिम दौर में कांग्रेस के नेताओं नेभी मोर्चा संभाल क्षेत्र में डेराडाल कांग्रेसप्रत्याशी के पक्ष में प्रचारतेज कियाहै। इसी कड़ी में प्रवक्ता समन्वयक एवं मीडिया प्रभारी खंडवा लोकसभाउपचुनावशहरयार खान ने मीडिया को एक वक्तवजारी कर नेता कैलाश विजयवर्गीय और पंकजा मुंडे की टोली कोठगों की टोलीबतातेहुए कहा कि वह आदिवासी क्षेत्रों में पहुंचकर आदिवासियों के साथनाच गाकर आदिवासीजनता को गुमराह करने का पाखंड कर रहेहैं। कैलाश विजयवर्गीय यहभूल गए कि मध्य प्रदेश के नेमावर व अन्य क्षेत्रों में आदिवासी महिलाओं का रेपहोकर उन पर अत्याचार हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। वहीं मध्य प्रदेश महिला अपराधों में नंबर वन पर होने की बात कहीहै। समन्वयक प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी शहरयार खान ने अपनेवक्तव्य में भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार किसानों की दयनीय स्थिति केंद्र का किसानों के



लिए काला कानून आंदोलनरत किसानों की सुनवाईनहीं यह ऐसे मुद्देहैं जिस पर विजयवर्गीय को जवाब देना होगा। उन्होंने किसानों के लिए लाए गए नए कृषि कानून को काला कानून बताते हुए कहा कि इसेरद्द कियाजाना चाहिए। भाजपा के स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के निधन पर कहा कि भाजपा उनके निधन पर मन सेयाद करने का पाखंड कर रहीहै उन्होंने अपना पूरा जीवन भाजपा को समर्पित किया अब उनकी मौत के बाद उनके पुत्र को क्यों टिकट नहीं दिया गया इससे साफ जाहिर है कि भाजपा केवल दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बड़ी.बड़ी बातें कर डफलीबजा कर गुमराह करना भाजपा के नेताओं का चरित्र है जिसमें प्रदेश के मुखिया औरदेश के शहंशाह मोदीजी शामिल है वह किसी से छुपा नहीं है। खंडवा संसदीयक्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजनारायण सिंह के समर्थन में स्टार प्रचारक के रूप में 24 अक्टूबर रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह नेपा नगर में सभा करेंगे तो आगामी 26 अक्टूबर को कांग्रेसप्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बुरहानपुर में आम सभा को संबोधित करेंगे वहीं अन्य नेताभी इस बीच खंडवा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए प्रचार करन क्षेत्र में पहुंचेंगे।

## ग्राम पंचायत रछेड में सरपंच की मनमानी के चलते आम रास्ता दल दल में तब्दील



**पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह ।** ग्राम पंचायत रछेड के गांव जगराम की घ?ी में ग्रामीण निकलने को परेशान आम रास्ता दल दल में तब्दील है लोगो के द्वारा सरपंच एव सचिव को कई बार बोला है लेकिन सरपंच ने इस पर कोई सुनवाई नही की है ग्रामीणों का तो ये भी कहना है कि इस रोड को बनाने की मंजूरी भी मिल गयी थी लेकिन सरपंच ने रंजिस वश नही डलवाई हैं लोगो को आने जाने में काफी परेशानी हो रही हैं अगर कोई बीमार हो जाये तो वाहन घर तक नही पहुच सकता है सरपंच एवं सचिव दोनो मिलकर अपनी मनमानी कर रहे है जबकि ग्रामीण लोग बोल रहे है कि हमने उमा शंकर गुर्जर सरपंच से कई बार बोला पर अनसुनी कर देता है शिकायकर्ता जल सिंह दिनेश सिंह राधेश्याम सिंह प्रधुम्न सिंह तोमर ने इसको अधिकारियों की मिलीभगत बताया उनका बोलना है कि जब कार्य की स्वीकृति हो चुकी हैं।

# उत्तरप्रदेश में फिर प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा सरकारः कु माधुरी

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

बैतूल।प्रियंका गांधी अगर ये सोच रही हैं कि उनकी हथकंडेबाजी से वे उत्तरप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनवा लेंगी, तो वे गलतफहमी में हैं। उत्तरप्रदेश में फिर से प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी और रिपब्लिकन पार्टी भाजपा का पूरा साथ देगी। यह बात भाजपा युवा नेत्री कुमारी माधुरी साबले ने प्रियंका गांधी द्वारा महिलाओं को 40त्न टिकट देने के वादे को खारिज करते हुए उनके बयान पर पलटवार करते हुए कही।

भाजपा नेत्री सावले ने कांग्रेस द्वारा उत्तरप्रदेश चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिलाओं के दिये जाने के प्रश्न पर कहा कि कांग्रेस अगर 100 प्रतिशत टिकट भी महिलाओं को दे दे, तो उससे क्या होगा? अब राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को सब लोग समझ गए हैं। भाजपा की युवा नेत्री कुमारी सावले ने प्रियंका गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महिलाओं को टिकट देने का वादा कर रही मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार ने महिलाओं को 30त्न आरक्षण को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में रखा था उस काल में आपकी मम्मी सोनिया गांधी ने बार बार जरूर कर



मातृशक्ति के साथ तुष्टीकरण की नीति अपनाई आज वह महिलाओं की स्थिति ऐसी बनकर टिकट की बात कर रही हैं उनको लोकसभा में महिलाओं के आरक्षण मान और सम्मान का बिल में भारत सरकार का सहयोग करना चाहिए थाद्य

उन्होंने कहा कांग्रेस की सरकार हो या बसपा की हो या सपा की हो महिलाओं को उनके शासनकाल में अपराधी घटना घटी और हमारी नारी शक्ति सुरक्षित नहीं हो सकी ।प्रदेश के मुख्यमंत्री भाजपा सरकार में नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रकार के योजनाएं चलाकर उनको शक्ति और स्वयं आत्मनिर्भर बनाकर सुरक्षा प्रदान की आज उत्तर प्रदेश में हमारी मातृ शक्ति सुरक्षित है । जिला पंचायत से लेकर की ग्राम पंचायतों के प्रधान तक हमारी मातृ शक्ति आज भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में नेतृत्व प्रदान कर रही । कुमारी सावले ने उत्तर प्रदेश के समस्त बहनों से आव्हान किया है कि प्रियंका गांधी के झूठे झांसे में ना आए यह कोई महिलाओं को टिकट नहीं देने वाली इन्हें बस सत्ता प्राप्त करने के लिए महिलाओं के बूट चाहिए, इस प्रकार की नीति चलाकर उनसे झूठ बोलने का काम कर रही है द्य मातृ शक्ति का सम्मान भारतीय जनता पार्टी के सत्ता और संगठन में ही सुरक्षित हैं।

# 100 करोड़ टीका का जश्न मनाते हुए भाजपा ने स्वास्थ्य कर्मियों का किया सम्मान

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

भिण्ड। कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में भारत ने गुरुवार को बड़ा कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। भारत में टीकाकरण का आंकड़ा 100 करोड़ पार कर गया। इस इतिहासिक उपलब्धि पर भाजपा जनों ने स्वास्थ्यकर्मियों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया।

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने जिला अस्पताल भिंड गोहद मेहगांव और का मालनपुर में पहुंच कर डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों का दुपट्टा एवं माल्यार्पण कर उनका सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा आप के परिश्रम से ही वैक्सीन अभियान में 100 करोड़ लोगों को लगवाई गई जिन्होंने दिन-रात एक कर इस कोविड-19 की लड़ाई को लड़का उन्हें संजीवनी प्रदान करने का काम किया है द्य भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर इस एतिहासिक उपलब्धि को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जश्न के तौर पर मनाते हुए जिले के सभी कोविड-19 केन्द्रों पर वरिष्ठ भाजपा जनों द्वारा सेवा कार्य करते हुए टीकाकरण केन्द्रों पर जाकर स्वास्थ्यकर्मियों व टीका लगवाने आये लोंगो का सम्मान किया गया। बरिष्ठ भाजपा जनों ने टीकाकरण केंद्र पहुँच स्वास्थ्य कर्मियों का माल्यार्पण कर सम्मान करते हुए सभी को धन्यवाद



दिया।

*इनका हुआ सम्मान*

सीएचएमओ डॉ. अजीत मिश्रा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ देवेश शर्मा सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल डॉ एके व्यास डॉक्टर सौरभ जैन एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। साथ ही इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जश्न मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हुए उनका आभार माना। साथ ही टीकाकरण केंद्र पर टीके लगवाने आये लोंगो को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सम्मानित होने पर उन्होंने दोनों डोज लगवाने पर प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद दिया।

सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि जिला भिंड प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्य किया इसके लिए टीकाकरण की पूरी टीम बधाई की पात्र है। सभी की मेहनत से भिंड जिले ने टीकाकरण में प्रदेश स्तर पर एतिहासिक उपलब्धि हासिल की है जिसके लिए जिले के सभी समाजसेवी संस्थाओं व पत्रकार साथियों व टीकाकरण स्टाफ को धन्यवाद व्यक्त किया जिनके अथक प्रयास से जिले में लाखों की संख्या में लक्ष्य से अधिक टीकाकरण किया जा सका।

*केन्द्रों पर रहा उत्सव सेवा माहौल*

जिला ने जिले के सभी केन्द्रों पर 100 करो? टीकाकरण की उपलब्धि पर अपनी खुशियां इजहार करते हुए टीकाकरण स्टाफ ने स्वयं रंगोली बनाकर एवं गुब्बारे लगाकर केन्द्रों को उत्सव में बदल दिया और खुशी के साथ जश्न मनाया। कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत गुरुवार को जिले में लक्ष्य से अधिक टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु सिंह गुर्जर ,मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया, सनी सिंह कुशवाह, देवेंद्र गौड़ विवेक जैन, रक्षपाल सिंह राजावत, सिद्धार्थ जैन ,डॉ तरुण शर्मा, अतिराज सिंह नरवरिया विकास शर्मा, अतुल पाठक अभिषेक मिश्रा ,डॉक्टर कालीचरण राठौर, श्रीमती सुधा राठौर रोहित करैया, नीरज शर्मा ,रिंकू भदौरिया ,राजीव उपाध्याय ,मोनू नरवरिया, शैलेंद्र रीतोरिया ,श्याम सिंह राठौर सानू शिवहरे,हरिकृष्ण चौधरी आदि कार्यकर्ता शामिल थे ।

## देश में ज्यादातर राजनीतिक दल विधानसभा लोकसभा वार्ड तक का टिकट बेचते हैं - सजीव सिंह

**भारत में लोकतंत्र बिकाऊ और चरित्रहीन बना दिया गया है।**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

राष्ट्रवादी चिंतक लेखक और अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा की आजादी के पुर्व से लेकर आज तक देशभर के राजनीतिक दलों के शिर्ष नेतृत्व ने अपने कुटनीतिक चरित्र का इस्तेमाल करके देशभर के अपने ही सझम व प्रतिभावान कार्यकर्त्ताओं एवं स्थानिय स्तर के समर्थकों पार्टी नेताओं का आज? तक जमकर दुरुपयोग किया । उन्हें बड़ा नेता बनाने के साथ साथ विधानसभा लोकसभा विधानपरिषद यहॉ तक की निगम पार्षद बनाने का आश्वासन देकर इन करोड़ों राजनीतिक समाजिक प्रतिभाओं को तन मन धन जन सब लगवा कर इनके जीवन के बीस तीस साल बर्बाद कर दिया करते हैं। बाद में इन्ही में से ज्यादातर राजनीतिक कार्यकर्ताओं से समय आने पर विधानसभा लोकसभा वार्ड पार्षद आदि के टिकट के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए पार्टी फ?ड व पार्टी नेताओं द्वारा लूट लिया जाता रहा है । जहरीला सत्य यह है की आज भी यह काम धरल्ले से इन राजनीतिक दल नामक राजनीतिक गिरोह द्वारा जारी है । जिसके चलते देशभर में लूटेरे नेताओं की भरमार सी हो गई है । सवर्ण मोर्चा के राष्टीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने आगे कहा की अब देशभर में हमारा संगठन राजनीतिक बदलाव करने का अभियान चला रहा है ! हमारा प्रयास देशभर के राजनीतिक समाजिक प्रतिभाओं को और चमकदार बना कर देश में ईमानदार व मेहनतकश राजनीति को बढ़ावा देना है । जब कोई व्यक्ति लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर विधानसभा लोकसभा चुनाव का टिकट हासिल करेगा तो वह चुनाव जीतने के बाद इमानदारी से काम कैसे कर सकता है। ऐसे ही तमाम लोग आज राजनीतिक मंडी के गलत चाल चरित्र में ढ़लकर चुनाव तो जीत जाते हैं। फिर वही व्यक्ति अपने फंड योजनाओं और अधिकारों की बिक्री करते भी देखें जा रहें हैं। आज? ज्यादातर आम जनता और कार्यकर्ताओं का चरित्र भी कमीशनखोरी वाला हो गया है। चुनाव में उम्मीदवार से सब कोई लूटने खसोटने में लगे दिखाई देते हैं। बहुत सारे बड़े राजनीतिक दल तो बहुत बड़ी राशि अपने पार्टी के उम्मीदवार को जीतने हेतू चुनाव क्षेत्र में ख़र्च करती है।

## नैनो न्यूज

### ग्वालियर के विकास को लेकर पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने दिया विजन डाक्यूमेंट



**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व के पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने आज ग्वालियर के विकास को लेकर अपना विजन स्पष्ट करते हुये 18 बिंदुओं पर विकास करने पर जोर दिया है। उन्होंने उक्त बिंदुओं को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य मंत्रियों और अधिकारियों को भी भेजा है। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सभी जनप्रतिनिधियों से अपना अपना विजन डाक्यूमेंट तैयार कर मुख्यमंत्री को देने का आव्हान किया है। जिससे ग्वालियर के विकास को एक बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर तैयार किया जा सके। पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने जिन बिंदुओं पर अपना विजन तैयार कर आज पत्रकारों को दिया उनमें सबसे पहला बिंदु आबादी के बढते दबाव को नियंत्रित करने के लिये नये ग्वालियर की कार्ययोजना, शहर की यातायात व्यवस्था, मुरार की वैशाली नदी पर रिंग रोड निर्माण व सौंदर्यीकरण, बढते प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिये ग्रीन ग्वालियर, रमौआ डेम पर मिनी पेयजल प्लांट लगाकर मुरार एवं छावनी बोर्ड क्षेत्र को पानी सप्लाई करने, 66 वार्डो में अतिआधुनिक संजीवनी क्लीनिकों की स्थापना, जीर्णशीर्ण शासकीय विद्यालयों का आधुनिकीकरण करना, गोले का मंदिर स्थित मार्क हास्पीटल की भूमि पर आधुनिक अस्पताल बनाने, दूध डेयरियों को शहर से बाहर शिफ्ट करने, शहर के ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करने, ठाठीपुर पुर्नघनत्वीकरण योजना को लागू करने, महाराजपुरा हवाई अडडे से वीआईपी रेस्ट हाउस तक सडक् मार्ग निर्माण के अलावा हुरावली में खेल मैदान एवं स्पोर्टस काम्पलेक्स निर्माण, बिजली के अनियंत्रित खंबे हटाने, जिससे दुर्घटनाएं रूकें, शासकीय भूमि को मुक्त कराकर उसका आवासीय एवं व्यवसायिक उपयोग करने आदि शामिल हैं।

### वरिष्ठ नागरिक स्वच्छता के दूत बनेः किशोर कन्याल



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने कहा है कि किसी भी शहर का विकास उस शहर के नागरिकों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिये सभी को अपना दायित्व निभाना चाहिये। इसलिये हमारे वरिष्ठ नागरिक स्वच्छता के दूत बनकर इस महा अभियान में सहभागी बने वे वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ग्वालियर के उपनगर ग्वालियर के पदाधिकारियों के दायित्व ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। नगर निगम आयुक्त कन्याल ने कहा कि शहर में विकास की अनन्त संभावनाऐं हैं। नगर निगम का प्रयास है कि शहर वासियों को इसमें जोड कर हम इस कार्य को आगे बढायें। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के संस्थापक भूपेन्द्र जैन ने संस्था की गतिविधियो से अतिथियों को अवगत कराया। विशेष अतिथि के रूप में भा.जा.पा. के कार्यसमिति सदस्य अशोक शर्मा, पूर्व पार्षद कृष्णराव दीक्षित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक मुकेश जैन ने किया, आभार प्रदर्शन मीडिया प्रभारी के.के.तिवारी ने माना। इस अवसर पर संरक्षक आर.एस.कुशवाह, संयोजक हरेन्द्र सिंह, सलाहकार यासीन मंसूरी, मंत्री कमल

# ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शिंदे की छावनी और गेंडेवाली सड़क का किया निरीक्षण

### अमृत परियोजना की लाईन डालने के पश्चात सड़कों के सुधार का कार्य तेजी से करें

### सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता पर रखें विशेष ध्यान

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि अमृत परियोजना के तहत शहर में डाली गई सीवर लाईन और पानी की लाईन के बाद सड़कों के निर्माण का कार्य तेजी के साथ और गुणवत्ता से किया जाए। जिन सड़कों पर भारी यातायात निकलता है वहाँ पर सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऊर्जा मंत्री तोमर ने शनिवार को शिंदे की छावनी से जेल रोड़ की ओर जाने वाली सड़क और गेंडेवाली सड़क का निरीक्षण करते हुए यह बात कही। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल सहित एसडीएम प्रदीप तोमर और नगर निगम के अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। उन्होंने शिंदे की छावनी से जेल रोड़ जाने वाली सड़क के निरीक्षण के दौरान कहा कि सड़क के दोनों ओर अमृत परियोजना के तहत सीवर एवं पानी की लाईनें डाली गई हैं। लाईन डालने के पश्चात सड़क के निर्माण का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि लोगों को आगे कोई परेशानी न हो।



उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि निगम के तकनीकी अधिकारी सड़क निर्माण के समय गुणवत्ता का स्वयं परीक्षण करें ताकि सड़क बनने के पश्चात किसी प्रकार की परेशानी न हो। ऊर्जा मंत्री तोमर ने गेंडेवाली सड़क का कार्य भी शीघ्रता से शुरू करने की बात कही। इस सड़क पर भी अमृत परियोजना के तहत लाइन डालने का कार्य किया गया है। अमृत परियोजना का कार्य पूर्ण होने के पश्चात सड़क का निर्माण कार्य शीघ्रता से किया जाए ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधायें उपलब्ध हो सकें। उन्होंने शहर के विभिन्न चौराहों का विकास भी करने की बात कही। चौराहे के सौंदर्यीकरण के कार्य में जनप्रतिनिधियों एवं अन्य लोगों से सहयोग भी लेने की बात कही। नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने निरीक्षण के दौरान निगम के इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वे सड़क के निर्माण के समय गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। सड़क निर्माण के समय भी इंजीनियर स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर गुणवत्ता को देखें, किसी भी सड़क में गुणवत्ता की कमी नहीं होना चाहिए।

# निगम के स्वास्थ्य शिविर में ऊर्जा मंत्री तोमर ने कराई अपनी जाँच

### दीनदयाल रसोई की थाली सफाई संरक्षकों के साथ बैठकर खाई

### निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें देने के लिये चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर एवं इंडियन मेडीकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में निगम के स्वच्छता संरक्षकों और वाहन चालकों के लिए निश्शुल्क मल्टी स्पेशिलिटी मेडीकल परीक्षण शिविर का आयोजन प्रेस क्लब में किया गया। शिविर में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पहुँचकर चिकित्सकों द्वारा निश्शुल्क दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के लिये



उनको कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। निगम के कर्मचारियों के लिये आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में इंडियन मेडीकल एसोसिएशन के चिकित्सकों ने निश्शुल्क सेवायें देकर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनका उपचार भी किया। निगम के लगभग 500 कर्मचारियों ने शिविर में पहुँचकर स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शिविर में पहुँचकर न केवल उत्साहवर्धन किया। बल्कि स्वयं अपनी आंखों की जांच भी शिविर में ही कराई। इसके साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के लिये नगर निगम द्वारा की गई भोजन व्यवस्था को भी देखा और दीनदयाल रसोई के माध्यम से कर्मचारियों को दिए जा रहे भोजन का स्वाद भी स्वयं पैसे देकर थाली ली और सफाई संरक्षकों के साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने इस मौके पर नगर निगम द्वारा की गई पहल की प्रशंसा की और नगर निगम की ओर से सभी चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र भी भेंट किए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल से आग्रह किया कि इस प्रकार के शिविर निगम के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिये भी आयोजित किए जाएं। नगर निगम का अमला रात-दिन मैदान में रहकर स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी से कार्य करता है। इनके स्वास्थ्य की चिंता करना भी हम सबकी जवाबदारी है। नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने बताया कि इंडियन मेडीकल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. प्रियवंदा भसीन के नेतृत्व में चिकित्सकों ने अपनी निश्शुल्क सेवायें देकर शिविर को सफल बनाया है। नगर निगम के कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। इस प्रकार के शिविर आगे भी आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने मंत्री तोमर को यह भी बताया कि शहर को स्वच्छता रैकिंग में अव्वल लाने के लिये भी शनिवार को निगम के सभी सफाई वाहनों की रैली भी आयोजित की गई है। स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता का माहौल बनाने के लिये निगम पूरी तन्मयता के साथ कार्य कर रहा है। स्वच्छता के कार्य में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी हो, इसके भी प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त कान्याल ने सभी चिकित्सकों के प्रति धन्यवाद जाहिर किया।

### हमे अपने बच्चों को रामायण कथा, महाभारत जैसे ग्रंथों से जोड़ना है

**ग्वालियर।** जीवन को सार्थक बनाने के लिये आप सभी सनातन धर्म को जरूर अपनाये क्योंकि धर्म से ही आप संस्कार को समझ सकते हैं अपने माता-पिता का सम्मान लोगों के प्रति अपने व्यवहार को सही कर सकते हैं। आप सभी भगवान श्रीराम की कथा का जरूर सुने तथा मनन करें ताकि आप अपने जीवन को सार्थक बना सकें। सकारात्मक उर्जा के लिये धर्म से जुड़े रहना बेहद जरूरी है। आज कल की भाग दौड़ भरी जिन्दगी में कुछ समय आप सभी धर्मिक जीवन को जीने में जरूर दें। हम सभी देखते हैं, कि टैक्नालॉजी के समय अब धर्म से युवा दूरी बनाते जा रहे हैं। धर्म व संस्कार अब केवल दिखावे तक ही सीमित हो गया है। हम सभी युवाओं से आवाहन करना चाहते हैं कि हम सभी धार्मिक पुस्तके व धर्म से जरूर जुड़े यह बात नारायण बिहार कॉलोनी में चल रही सच्चिदानंद महाराज द्वारा सुनायी जा रही रामकथा के अवसर पर कही।

# भगवान श्रीराम के जीवन को जरूर सुने तथा मनन करेंः पं केडी सोनकिया



### नारायण विहार कॉलोनी में चल रही है श्री राम कथा

**ग्वालियर।।** जीवन को सार्थक बनाने के लिये आप सभी सनातन धर्म को जरूर अपनाये क्योंकि धर्म से ही आप संस्कार को समझ सकते हैं अपने माता-पिता का सम्मान लोगों के प्रति अपने व्यवहार को सही कर सकते हैं। आप सभी भगवान श्रीराम की कथा का जरूर सुने तथा मनन करें ताकि आप अपने जीवन को सार्थक बना सकें। सकारात्मक उर्जा के लिये धर्म से जुड़े रहना बेहद जरूरी है। आज कल की भाग दौड़ भरी जिन्दगी में कुछ समय आप सभी धर्मिक जीवन को जीने में जरूर दें। हम सभी देखते हैं, कि टैक्नालॉजी के समय अब धर्म से युवा दूरी बनाते जा रहे हैं। धर्म व संस्कार अब केवल दिखावे तक ही सीमित हो गया है। हम सभी युवाओं से आवाहन करना चाहते हैं कि हम सभी धार्मिक पुस्तके व धर्म से जरूर जुड़े यह बात नारायण बिहार कॉलोनी में चल रही श्री सच्चिदानंद जी महाराज द्वारा सुनायी जा रही श्री रामकथा के अवसर पर कही। भगवान श्री राम चन्द्र जी के चरित्र के गुणगान की कथा को सुनाते हुए भागवताचार्य सच्चिदानंद जी महाराज ने बताया, कि भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र को अगर कोई युवा 10 प्रतिषत भी अपना लेता है तो उसका जीवन सार्थक हो जाता है। यहॉ उपस्थित समस्त श्रोतागण यह समझ ले कि हमे अपने बच्चों को रामायण कथा, महाभारत जैसे ग्रंथों से जोड़ना है ताकि उनके चरित्र में बड़ा बदलाव आ सके तथा अपने माता-पिता और अपने अग्रज के प्रति अपने व्यवहार में शालीनता को समाहित कर सकें। आपको बता दें कि श्रीराम कथा का भव्य आयोजन विगत 5 दिवस से नारायण बिहार कॉलोनी में लगातार भव्य रूप से किया जा रहा है जिसमें पारीक्षित कॉलोनी के निवासी श्रीकृष्ण व ममता जी है। कार्यक्रम के व्यवस्थापक व संयोजक राममोहन बरूआ बताते हैं, कि नारायण बिहार के नागरिकों युवाओं द्वारा लगातार यह मांग उठाई जा रही थी, कि नारायण बिहार में भगवान श्रीराम के चरित्र के भव्य श्रीराम कथा का आयोजन जरूर होना चाहिए। इसलिये आज जो यहॉ पर श्री रामकथा का भव्य आयोजन हो रहा है उसमें यहॉ के श्रद्धालुओं का विषेष योगदान का भक्तिरूपी रस समाहित है। इसके साथ ही व्यवस्थापक राममोहन बरूआ ने समस्त सहयोगियों का विषेष आभार करते हुये बताया, कि नारायण बिहार कॉलोनी के समस्त भक्तगणों का विषेष सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिनमे गोविन्द, जीतू गुर्जर, बंटू गुर्जर, राधे गुर्जर, विषाल सिकरवार, भक्त शुभम जाटव, मोनू शर्मा, विनोद सिंह गुर्जर, बृजराज सिकरवार, टीटू तोमर, लाला तोमर, बेटू, सुखदेव कुषवाह, सोनू पंडित, नीतिन शर्मा व अखतु गुर्जर प्रमुख रूप से है।

# संजय स्टेडियम में खिलाडियों को मिलेगी खेल सुविधाएंः कलेक्टर

### कलेक्टर की पहल पर स्वच्छ एवं सुंदर होगा संजय स्टेडियम

**ग्वालियर।** जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खिलाडियों को खेल सुविधाएं एवं बेहतर वातावरण दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। यह बात शनिवार को कलेक्टर श्रीमती आर.उमामहेश्वरी ने जिला मुख्यालय स्थित संजय स्टेडियम में स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते हुए कही। कलेक्टर ने कहा कि अशोकनगर शहर के हृदय स्थली संजय स्टेडियम का कायाकल्प कराकर खिलाडियों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे विभिन्न खेल प्रतिभाएं आगे आकर जिले का नाम रोशन कर सकें। जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है तो सिर्फ बेहतर प्लेटफार्म देने की। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संजय स्टेडियम में विभिन्न खेलों हाकी, क्रिकेट, वालीवॉल, बास्केटवॉल, टेबिल टेनिस, कवड्डी, बेडमिंटन कोर्ट को बेहतर स्वरूप में खिलाडियों को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही योगा के लिए स्थान सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिससे खिलाडियों के मन में किसी भी प्रकार की असुरक्षा की भावना न रहे और वे अपने खेल को बेहतर से बेहतर कर सकें। उन्होंने स्टेडियम की ग्राउण्ड लेवलिंग कार्य, स्वच्छता, जिम, बेडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राउण्ड पर आने वालों की सुरक्षाकर्मियों द्वारा सघन चेकिंग की जाए। कोई भी तम्बाकू,पाउच,सिगरेट आदि लेकर प्रवेश न करे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्टेडियम में शुद्ध पेयजल के लिए आर.ओ.लगाये जाने के निर्देश सीएमओ को दिए। स्टेडियम के बाहर चारों को नाली के पानी निकासी के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाने,लाइट व्यवस्था,पुताई कराए जाने के भी निर्देश नगरपालिका को दिए गए।



**स्वच्छता अभियान का शुभारंभः** कलेक्टर द्वारा संजय स्टेडियम में सुबह पहुंचकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्टेडियम की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की जिम्मेदारी सभी की है। इस दौरान नेहरू युवा केन्द्र की टीम द्वारा कचरा कलेक्शन किया गया।

## रायरू माल गोदाम को लेकर चेंबर पदाधिकारियों ने रेल अधिकारियों से चर्चा



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कामर्य एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने आज रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक विप्लव कुमार सहित अन्य अधिकारियों से सैजन्य भेंट की। उन्होंने रायरू माल गोदाम पर व्यापारियों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया तथा प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक से व्यापारियों की समस्याओं पर तत्काल विचार कर उसे दूर करने का अनुरोध भी किया। एक बयान में चेंबर के मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि रायरू माल गोदाम के सम्बंध में रेलवे के विप्लव कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी,वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अखिल शुक्ला, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय जी एस राठौड स्टेशन प्रबंधक से चेम्बर के मानसेवी सचिव डॉ प्रवीण अग्रवाल के साथ चेम्बर सदस्य मोहन तिवारी ने मुलाकात कर उनका निम्न बिन्दुओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। इन बिंदुओं में सुलभ शौचालय का निर्माण कराने,पब्लिक कैंटीन की स्थापना करने, 24 घंटे बिजली की व्यवस्था कराने, एचसी के डाले नहीं लगते हैं, उसके लिये टीएक्सआर स्टाफ की व्यवस्था की जाये, शंटिंग इंजन की व्यवस्था हो, बरसात से माल भीग जाता है, इसके लिए टीन शेड के डिजाइन में परिवर्तन हो, व्यापारियों के बैठने के लिए टेबल.कुर्सी एवं चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था की जाये,एमपीसीएल की बहुत जगह पडी हुई है, उसमें काफी झाडी उग आई हैं, उसकी सफ ई हो जिससे वहां बहुत बडी जगह माल की लोडिंग-अनलोडिंग एवं ट्रकों की पार्किंग के लिए व्यवस्था हो सके, जब भी रैक आयें तो सीजीएसआर या संबंधित ड्यूटी पर जो उपस्थित हो उसके द्वारा बताये जाने की व्यवस्था हो। इस पर मुख्य परिचालन प्रबंधक ने व्यापारियों की समस्याओं पर विचार कर उसके निराकरण का आश्वासन दिया।

# ग्वालियर स्टेशन से पकड़ा 665 किलो मावा, नासिक महाराष्ट्र भेजा जा रहा था, फूड विभाग ने पकड़ा

**ग्वालियर।** ग्वालियर के स्टेशन से फूड विभाग ने 665 किलो मीठा मावा पकड़ा है। यह मावा भिंड के अटेर में तैयार हुआ है और ग्वालियर स्टेशन से इसे नासिक महाराष्ट्र भेजा जाना था। पर समय रहते फूड विभाग को सूचना मिली। पार्सल ऑफिस पहुंचकर मावा को जब्त किया है। 19 कट्टों में यह माल भरा गया था। फूड विभाग की टीम को देखकर एक युवक बिल्टी के पर्चे वहीं फेंककर भाग गया है। फूड विभाग ने मावा जब्त कर कलेक्टोरेट अपने ऑफिस पहुंचा दिया है। अफसरों का स्पष्ट कहना है कि मावा में कमी होगी इसलिए उसके साथ जो युवक था वह भाग गया। 24 घंटे में मावा को कोई दावेदार नहीं आता है तो उसे नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। दीपावली का त्यौहार नजदीक है, ऐसे में





नकली मावा, पनीर का कारोबार चरम पर है। चंबल के भिंड-मुरैना में सबसे ज्यादा नकली मावा तैयार किया जाता है और देश के कई राज्यों में यहां से सप्लाई होता है। अभी कुछ दिन पहले रेलवे स्टेशन से 4 लाख रुपए का नकली मावा पकड़ा था। उसके बाद फूड विभाग ने पार्सल सर्विस के अफसरों को अलर्ट किया था कि किसी भी हाल में यहां से मावा बाहर नहीं भेजा जाना चाहिए। पहले उसकी जांच की जाए। इसलिए मावा का पार्सल आते ही फूड विभाग को सूचना दी जाए। इसी कड़ी में शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन पर भिंड के अटेर से तैयार होकर 19 कट्?टे में 665 किलो मावा नासिक महाराष्ट्र के लिए जाने के लिए आया था। सूचना मिलते ही डिप्टी कलेक्टर संजीव खेमरिया फूड विभाग के दस्ते के साथ स्टेशन पहुंचे। जब वह पार्सल ऑफिस पहुंचे तो मावा के साथ खड़ा एक युवक टीम को देखते हुए भाग गया। भागते समय बिल्टी के पर्चे वहीं छोड़ गया। फूड विभाग ने 665 किलो मावा को जब्त कर लिया है। जिसकी कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है।

**मीठा मावा है 24 घंटे में नहीं होगा खराबः** आमतौर पर मावा 24 से 36 घंटे में खराब हो जाता है, लेकिन पकड़ा गया मावा मीठा मावा है। यह 3 से 4 दिन तक चल जाता है। जल्दी खराब नहीं होता है। फूड विभाग की टीम ने बिल्टी पर लिखे नंबरों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई संपर्क नहीं हुआ है। डिप्टी कलेक्टर संजीव खेमरिया का कहना है कि 24 घंटे तक मावा को रखा जाएगा। कोई दावेदार आता है तो ठीक है, नहीं तो माल को नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

**शिवसिंह के नाम से बिल्टीः** मावा के साथ ही फूड विभाग की टीम को कुछ बिल्टी मिली हैं। जो किसी शिवसिंह के नाम पर है। माल नासिक भेजा जाना था। नीचे एक मोबाइल नंबर भी लिखा है। फूड विभाग की टीम पता कर रही है कि यह शिवसिंह कौन है। नंबर अभी बंद आ रहा है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478